

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश राजस्थान हरियाणा छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. डीएलपी 1144/2019-21


5 पीसीबी ने मुजरबानी को 2 साल के लिए बैन किया... सम्पादकीय ब्रिजिंग मेडिसिन डिवीड्स गंभीर रोजगार संकट की चपेट में आई दुनिया, 1.2 अरब... 5

वर्ष 14 अंक 46 E-mail: dholpur@hotmail.com जयपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# 4 दशकों से महिला-बेटियां अपने हक का इंतजार कर रहीं है, अब वह समय आ गया : पीएम मोदी

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने मंगलवार को देहरादून में कहा, '4 दशकों से महिला-बेटियां अपने हक का इंतजार कर रही है। अब वह समय आ गया है। हम अपने देश की बेटियों को 2029 के चुनावों में उनका हक देकर रहेंगे। इसके लिए हम संसद में महिला आरक्षण बिल ला रहे हैं।'

पीएम ने कहा, 'कभी उत्तराखंड के गांव में सड़क के इंतजार में पीढ़ियां बदल जाती थीं। आज डबल इंजन सरकार के प्रयास से सड़क गांव तक पहुंच रही है। जो गांव वीरान थे आज फिर बस रहे हैं।' इससे पहले उन्होंने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे कॉरिडोर का उद्घाटन किया। वे एशिया के सबसे लंबे 12 किमी एलिवेटेड



वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर का निरीक्षण करने सहारनपुर पहुंचे। यहां रोड शो भी किया। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे कॉरिडोर 213 किमी लंबा, 6 लेन और एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर 12,000 करोड़ रुपए की लागत से बना है। यह दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ता है और इसके शुरू होने से दिल्ली-देहरादून के बीच की दूरी 6 घंटे से घटकर करीब ढाई घंटे रह जाएगी।

पीएम मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण परः 4 दशक बाद संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ। 33% आरक्षण लागू करने वाले इस कानून को बनाने के लिए सभी दलों ने समर्थन दिया। अब इसे लागू करने में देर नहीं होनी चाहिए। 2029 से ही यह लागू हो जाना चाहिए। यह देश की भावना है हर बहन बेटी की इच्छा है।मातृशक्ति की इसी इच्छा को नमन करते हुए 16 अप्रैल से संसद में चर्चा होनी है। इसे सभी दल सर्व सम्मति से आगे बढ़ाएं। इसलिए मैंने आज देश की नारी शक्ति के नाम आज सभी बहनों के लिए एक पत्र लिखा है।

हम अपने देश की बेटियों को 2029 के चुनावों में उनका हक देकर रहेंगे।देश की ताकत बन रही बेटियांः पीएम ने कहा कि देश की बेटियां भारत निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। सरकार उनकी भागीदारी बढ़ाने पर जोर दे रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर मुश्किल समय में महिलाओं को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए प्रयास जारी हैं।टूरिज्म बना कमाई का सबसे बड़ा जरियाः पीएम ने कहा कि टूरिज्म बढ़ने से हर वर्ग को कमाई का मौका मिलता है।

# सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** सम्राट चौधरी बिहार के नए सीएम होंगे। उन्हें पहले बीजेपी फिर एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है।

सम्राट राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मिलकर उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया।15 अप्रैल को लोकभवन में शपथग्रहण समारोह होगा। इसके साथ ही बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री होगा।

विधानसभा के सेंट्रल हॉल में एनडीए की बैठक में नीतीश सम्राट के प्रस्तावक बने। नीतीश ने उन्हें माला पहनाई। विधायकों से ताली बजवाई। सम्राट ने भी पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।

विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने कहा, 'मैंने नीतीश जी से राजनीति सीखी है। उनके साथ मैंने काम किया है। उनके समृद्ध बिहार को और आगे ले जाना है।



आज नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया। वे सम्राट चौधरी और विजय चौधरी के साथ एक ही गाड़ी से राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा।

इस्तीफे के बाद उन्होंने ङ्ग पर लिखा- 'अब नई सरकार यहां का काम देखेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग रहेगा। आगे भी बहुत अच्छा काम होगा, बिहार बहुत आगे बढ़ेगा।'नीतीश के इस्तीफे से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे। उनके साथ सम्राट चौधरी और बीजेपी के कई सीनियर लीडर्स भी थे।

आज नीतीश कैबिनेट की आखिरी बैठक हुई। जहां नीतीश ने कहा - '2005 में मैं सरकार में आया, जहां तक मुझसे हो सका मैंने किया, नई सरकार को मेरा मार्गदर्शन मिलता रहेगा।'

# जंग से 25 लाख करोड़ का नुकसान अमेरिका भरपाई करे : ईरान

### यूरेनियम एनरिचमेंट का अधिकार भी दो, तभी समझौता संभव

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** ईरान का दावा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों से उसे अब तक करीब 270 अरब डॉलर (25 लाख करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है। ईरान सरकार के प्रवक्ता फातेमेह मोहाजेरानी ने बताया कि यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है।

उन्होंने कहा कि ईरान की तरफ से बातचीत करने वाली टीम इस मुद्दे को भी उठा रही है। इस्लामाबाद में हुई सीजफायर वार्ता में भी इस नुकसान की भरपाई की मांग की गई थी। ईरान ने साफ किया है कि वह शांति के लिए तैयार है, लेकिन उसकी कुछ शर्तें हैं। ईरान चाहता है कि उसे यूरेनियम एनरिचमेंट का अधिकार मिले, उस



पर लगे सभी प्रतिबंध हटाए जाएं और युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई की जाए।वहीं खबर है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर इस हफ्ते फिर से बैठक हो सकती है। इस्लामाबाद और जेनेवा को संभावित जगह माना जा रहा है, लेकिन अभी कुछ तय नहीं हुआ है। इससे पहले 11 अप्रैल को इस्लामाबाद में हुई बैठक बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई थी।

15 वॉरशिप तैनात- अमेरिका ने नाकाबंदी लागू करने के लिए 15 से ज्यादा युद्धपोत तैनात किए, जिनमें स्स् अब्राहम लिंकन और कई डिस्ट्रॉयर शामिल बताए गए हैं।

चीन का 4 सूत्री प्रस्ताव- चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मिडिल ईस्ट में शांति के लिए चार सूत्रीय प्रस्ताव देते हुए सभी देशों की संप्रभुता और सुरक्षा का सम्मान जरूरी बताया।

ईरान को अरबों का नुकसान- ईरान का दावा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों से उसे करीब 270 अरब डॉलर का नुकसान हुआ।

फिर सीजफायर वार्ता संभव- अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर इस हफ्ते फिर बैठक हो सकती है, इस्लामाबाद और जेनेवा संभावित जगह मानी जा रही हैं।

ईरान को अमेरिका पर भरोसा नहीं- ईरान ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत के बजाय अपनी शर्तें थोपना चाहता है और शुरुआत से ही भरोसे के लायक नहीं रहा है।

## राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41 डिग्री के पार

देश के उत्तर, मध्य और पश्चिमी राज्यों में तापमान बढ़ने लगा है। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41 डिग्री के पार पहुंच गया है। डिग्री के रतलाम में भी तापमान 41 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो हफ्तों तक कोई नया सिस्टम एक्टिव नहीं होगा। इससे गर्मी तेजी से बढ़ेगी।हालांकि पूर्वोत्तर राज्यों सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट है।

# छत्तीसगढ़- वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर फटने से 9 की मौत

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 9 मजदूरों की मौत हो गई है। स्क्र प्रफुल्ल ठाकुर ने इसकी पुष्टि की है। 3 मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई थी। वहीं 18 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल लाया गया, जहां 6 मजदूरों ने दम तोड़ दिया है। बाकी 12 घायलों की हालत गंभीर है। मजदूर 80% झुलस गए हैं।

घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। हादसे में 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलसे हैं। प्लांट के बाहर मजदूरों के परिजनों ने हंगामा कर दिया। घायलों से मिलने देने की मांग



कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा- पीड़ितों के लिए उचित मुआवजे और घायलों के उपचार की व्यवस्था की जाए।

# नोएडा में दूसरे दिन भी बवाल पुलिस से झड़प व हुए पथराव

आर.एन.एस

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मचारी मंगलवार को भी सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो झड़प हो गई। भीड़ ने 2-3 जगहों पर पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया। हालांकि पुलिस ने थोड़ी देर में ही हालात पर काबू पा लिया। प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ दिया।

फिलहाल, पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवान इंडस्ट्रियल इलाकों में सुबह 5 बजे से फ्लैग मार्च कर रहे हैं। सीसीटीवी और



ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा, पीएसी और आरएएफ की 15 कंपनियां, 26 अफसर (8 एडिशनल एसपी और 18 डीएसपी) नोएडा भेजे गए हैं। आज ज्यादातर कंपनियां बंद हैं।राजीव कृष्ण लखनऊ के कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग कर रहे। कहा- क्षतिग्रस्त संपत्ति की भरपाई भी उपद्रवियों से कराई जाएगी। वहीं, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा- अब तक 300 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं।

# लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** सरकार ने 2029 के लोकसभा चुनावों से महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के अनुसार, इनमें से 815 सीटें राज्यों के लिए और बाकी 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रस्तावित हैं।

वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में 2029 से लोकसभा में 33% महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है।

सरकार ने मंगलवार को संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 ड्राफ्ट सभी सांसदों को भेजे हैं।

एक और जरूरी बदलाव जनसंख्या की परिभाषा है। इससे संसद को यह तय करने का अधिकार मिलता है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए किस डेटा को आधार बनाया जाए। इसके लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई है।

इन बदलावों को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है। हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है।

- राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि सरकार यह सब 2029 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक फायदा लेने के उद्देश्य से कर रही है। अगर सरकार महिलाओं को 33% आरक्षण देना चाहती है, तो मौजूदा 543 सीटों में ही यह लागू किया जा सकता है। सीटों के पुनर्वितरण से उत्तर भारत को ज्यादा फायदा होगा।

# भाजपा का तमिलनाडु के लिए घोषणापत्र जारी

## महिलाओं को हर महीने 2,000 सालाना 3 एलपीजी सिलेंडर फ्री का वादा

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को चेन्नई में भाजपा का तमिलनाडु चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया। महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए और सालाना तीन मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने का वादा किया है। इसके साथ ही हर परिवार को 10,000 रुपए देने का वादा किया है।

घोषणा-पत्र में पात्र महिलाओं को ई-स्कूटर खरीदने के लिए 25,000 रुपए की सब्सिडी, जल्लीकट्टू के सांडों का पालन-पोषण करने वालों को 2,000 रुपए की मासिक सहायता देने का भी ऐलान किया है।

राहुल गांधी मंगलवार को पश्चिम बंगाल के रायगंज पहुंचे। रैली में उन्होंने कहा कि ऋस्र और ख्व्क्ष्क वोट चोरी में शामिल हैं और लोकतंत्र को नष्ट कर



रहे हैं। इनकी नफरत भरी सोच संविधान को खत्म कर रही है।इसके बाद राहुल मुर्शिदाबाद के समसेरगंज और मालदा जिले के चंचल में रैलियां करेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को तमिलनाडु में कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित करेंगे। इधर, कानून-व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों के लिए चुनाव आयोग ने बंगाल के वोटरों के लिए 24×7 हेल्पलाइन और ईमेल सुविधा शुरू की है। आयोग ने बताया कि टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18003450008 और ईमेल के जरिए लोग अपनी शिकायतें भेज सकते हैं। यह दोनों सुविधाएं 4 मई तक जारी रहेंगी।






# अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर हरमाड़ा में भव्य शोभायात्रा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर हरमाड़ा क्षेत्र में भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन उत्साह, उमंग और सामाजिक एकता के संदेश के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन, युवा, महिलाएं एवं बच्चों की सहभागिता रही, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सवमय हो उठा।

शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः8बजे डॉ. अम्बेडकर पार्क हरमाड़ा से किया गया। यह यात्रा हरमाड़ा गांव, करनी कॉलोनी, शक्ति नगर एवं नींदड़ मोड़ सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः अम्बेडकर पार्क पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान 'जय भीम' के जयघोष, बैंड-बाजों की धुन और आकर्षक झांकियों ने माहौल को जीवंत बना दिया।

विशेष आकर्षण के रूप में बच्चों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर, क्रांति ज्योति महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्रीबाई फुले एवं भगवान बुद्ध के रूप धारण कर सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता का संदेश दिया। इन प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित लोगों ने सराहना की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कई स्थानों पर जलपान एवं शीतल पेय की भी व्यवस्था की गई, जिससे सहभागीजन उत्साहित नजर आए।कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के युवाओं एवं कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही। आनन्द परसोया, सुनील उदय, सुन्दर उदय, मनोज परसोया, राहुल, हंसराज, शक्ति, निर्मल, विक्रम, हरीश उदय, क्रांति, आशुतोष सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्था संभालते हुए अनुशासन एवं समन्वय बनाए रखा।.

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026 की सबसे कम उम्र की वक्ताओं में से एक

## 'द एफर्ट' पुस्तक की हैं लेखिका

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** जयपुर की 16 वर्षीय अव्याना मेहता एक उभरती हुई लेखिका, सोशल एंटरप्रेन्योर और एनवायरमेंटल एडवोकेट के रूप में तेजी से अपनी पहचान बना रही हैं। वह 'प्लास्टिक2बिल्ड' की संस्थापक हैं, जो एक युवा-नेतृत्व वाला अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है और 17 से अधिक स्थानों पर सक्रिय है। इस पहल के माध्यम से 3,000 किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक को पुनः उपयोग में लाया है और इस पहल के साथ 150 से अधिक वॉलंटियर्स को जोड़ा है। उनकी पहली पुस्तक 'द एफर्ट' में उन्होंने अग्रणी सस्टेनेबल व्यवसायों और गैर-सरकारी संगठनों की प्रेरणादायक यात्राओं को सीईओ और विभिन्न चेंजमेकर्स के साथ संवाद के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में उनके प्रयासों को दर्शाता है।

अपने प्रभाव को और व्यापक बनाते हुए, अव्याना 'सस्टैनिफाई360' नाम से एक पॉडकास्ट होस्ट करती हैं। इसके साथ ही वह 'प्लास-स्टिक' नामक एक रिसर्च पहल का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमें इमली-आधारित फिल्टर विकसित किए जा रहे हैं, जो पानी से माइक्रोप्लास्टिक को हटाने में सहायक हैं। इसके अतिरिक्त, वह 'ग्रीनलिंक' नामक सस्टेनेबिलिटी कंसल्टेंसी भी संचालित करती हैं, जो विभिन्न संगठनों को पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने में मदद करती है।ट्रिनिटी-सर्टिफाइड ओपेरा और वायलिन परफ़ॉर्मर, अव्याना मेहता अपनी रचनात्मकता को सामाजिक सक्रियता के साथ जोड़ते हुए एक नई पीढ़ी की पर्यावरण-जागरूक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रही हैं। उनका कार्य यह साबित करता है कि प्रभावशाली बदलाव लाने के लिए उम्र कोई बाधा नहीं होती। जयपुर गर्व के साथ उन्हें भारत की सबसे युवा और प्रेरणादायक सस्टेनेबिलिटी चेंजमेकर्स में शामिल कर सकता है।गौरतलब है कि जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026 में वह सबसे कम उम्र की वक्ताओं में से एक थीं, जिन्होंने प्रमुख विचारकों के साथ 'क्लाइमेट एक्शन एंड एनर्जी ऑल्टरनेटिव्स' सत्र में हिस्सा लिया।

# जयपुर बना राजस्थान का सबसे बड़ा म्यूचुअल फंड हब

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) ने राजस्थान के म्यूचुअल फंड परिदृश्य में जयपुर की प्रमुख भूमिका को रेखांकित करते हुए निवेशकों की बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डाला है। फरवरी 2026 तक राज्य में कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 1.64 लाख करोड़ रुपये दर्ज की गई हैं, जिनमें जयपुर का योगदान 69,400 करोड़ रुपये है। यह राज्य के कुल एयूएम का 42 प्रतिशत है।

एएमएफआई के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान देश के कुल म्यूचुअल फंड एयूएम में लगभग 2 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। राज्य में 1.10 करोड़ से अधिक म्यूचुअल फंड फोलियो हैं, जो निवेशकों के बढ़ते रुझान को दर्शाते हैं। इनमें जयपुर अकेले 30.17 लाख से अधिक फोलियो के साथ सबसे आगे है।राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में उदयपुर और जोधपुर का भी योगदान है, जहां क्रमशः 15,725 करोड़ रुपये और 13,119 करोड़ रुपये का एयूएम दर्ज किया गया है। हालांकि, एयूएम और निवेशकों की संख्या के मामले में जयपुर स्पष्ट रूप से अग्रणी बना हुआ है।

सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से निवेश में भी तेजी देखी जा रही है। राजस्थान में 49.43 लाख एसआईपी फोलियो हैं, जो कुल फोलियो का 45 प्रतिशत हैं। राज्य का एसआईपी एयूएम 60,759 करोड़ रुपये है, जो कुल एयूएम का 37 प्रतिशत है। देश के कुल एसआईपी फोलियो में राजस्थान की हिस्सेदारी 4.8 प्रतिशत है।

निवेशक आधार के विस्तार के संकेत भी मिले हैं। राज्य में 30.39 लाख से अधिक यूनिक निवेशक हैं, जिनमें 21 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं।



# एसडब्ल्यूएलए सीजन 8 में वेडिंग एवं लाइफस्टाइल उद्योग की उत्कृष्टता का जयपुर में भव्यता के साथ सम्मान



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर ने एक बार फिर देश के वेडिंग एवं लाइफस्टाइल इंडस्ट्री का केंद्र बनते हुए शुभ वेडिंग एंड लाइफस्टाइल अवॉर्ड्स (एसडब्ल्यूएलए) सीजन 8 के भव्य आयोजन का साक्षी बना, जहाँ इस मंच पर एक्सैलेन्स, इनोवेशन और क्रिएटिविटी का संगम देखने को मिला। शुभ वेडिंग्स एंड अवॉर्ड्स के राजन कायस्थ एवं आरती निर्वाण ने बताया कि एसडब्ल्यूएलए का आयोजन जयपुर के आगरा रोड स्थित एस्थेरिया रिसोर्ट × स्पा में अत्यंत भव्यता और गरिमा के साथ किया गया। जिसमें टूरिज्म, वेडिंग प्लानिंग और इंडस्ट्री के अग्रणी नामों की उपस्थिति के बीच विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों को सम्मानित किया। 'एलिगेंस, प्रतिष्ठा एवं उत्सव की संध्या' पर आधारित इस आयोजन का उद्देश्य एक्सेप्शनल हॉस्पिटैलिटी, हाई-लेवल संवाद एवं इफेक्टिव नेटवर्किंग का आदर्श मंच था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के बीच विचार-विमर्श एवं संपर्क नेटवर्किंग सेशन से हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर मुख्य अतिथि ऋतुराज खन्ना (सीईओ, क्यू इवेंट) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय शर्मा (फाउंडर एंड चेयरमैन, एस्थेरिया ग्रुप ऑफ होटल्स इंडिया × इंटरनेशनल), रजत सेठी (जर्नल मैनेजर क्लस्टर, फेयरमोंट जयपुर एवं रैफल्स जयपुर), सुरेंद्र सिंह शाहपुरा (सीएमडी, शाहपुरा होटल्स एंड रिसॉर्ट्स), प्रशांत दुबे (मैनेजिंग डायरेक्टर, एलीट वेडिंग इंडिया एलएलपी एवं एलीट बिज एसोसिएट्स), विनीत जैन (फाउंडर एंड डायरेक्टर, विनीत जैन क्रिएशन), सुजाता भंडारी (फाउंडर, आवालाइन वेडिंग एंड इवेंट्स), पी. पी. खन्ना (पूर्व अध्यक्ष, एडीटीओआई), रजत साहनी (सीईओ, रेव टुअर्स एंड ट्रैवल), डॉ. शोभा तोमर (मैनेजिंग डायरेक्टर, निम्स यूनिवर्सिटी), रजनी नायर देब (जर्नल मैनेजर, डबल ट्री बाय हिल्टन आगरा), राहुल भगत (जर्नल मैनेजर, हिल्टन जयपुर), कल्पित डंगायच (मैनेजिंग डायरेक्टर, रॉयल डेकोर होम फिनिशिंग) तथा आनंद सांडिल (मैनेजिंग डायरेक्टर, एफएचआईआरपीएल) सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहे।

शीर्ष सम्मान फेयरमोंट जयपुर; ब्यूना विस्टा लग्जरी गार्डन स्पा रिज़ॉर्ट; एस्थेरिया रिज़ॉर्ट जयपुर; डबल ट्री बाय हिल्टन आगरा; हिल्टन जयपुर; हेइवा हेवन रिज़ॉर्ट; द फर्न हैबिटैट; आर चंद्राज़ पैलेस; द फर्न नेस्ट रिज़ॉर्ट जयपुर सीरीज बाय मैरियट; बैम्बू सा सनराइज़ वेडिंग एंड वेलनेस रिज़ॉर्ट जयपुर; नवल नेचर केयर रिज़ॉर्ट; व्हाइट कैंडल एंड स्पा; ज्वेल्स रिज़ॉर्ट और होटल विनी - खंडेलवाल रेस्तरां को प्रदान किए गए। इवेंट और वेडिंग प्लानिंग सर्विसेज के क्षेत्र में विनीत जैन क्रिएशन्स; प्लानर इंडिया इवेंट; एसपी इवेंट एंड प्रोडक्शंस ; डेस्टिनेशन विवाह; 7 वाउज़ इवेंट्स; कल्याणी इवेंट्स एंड वेडिंग प्लानर; एचपी टेंट एंड इवेंट पुष्कर; 3 डाइमेंशन्स एक्सपीरियंसेस इवेंट माइस और वेडिंग्स; द पिंक आर्ट एंड एंटरटेनमेंट, इवेंट प्लानिंग और कंसल्टेंट सर्विसेज़; सिंगिंग हीरोज़; मायराम्या इवेंट्स; मान इवेंट, अंकेश माथुर, निक्स इवेंट्स, दृश्यम एंटरटेनमेंट; कृष्णा इवेंट; आचार्य मनीष भारद्वाज; सिज़लिन सैली मेकओवर्स; इनक्रेडिबल डिज़ाइनर, रॉयल डेकोर होम फर्निशिंग; द विंटेज फ्रेम, अक्षत सिंह चौधरी; राम स्टूडियो, अथर्व कैटरर्स, चाय लैब और रिच रियल एस्टेट जोधपुर।



# राज्यपाल को अर्ली हिस्ट्री ऑफ राजस्थान' पुस्तक भेंट की

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर ।** राजभवन में महामहिम राज्यपाल हरीभाऊ किशनराव बागड़े को प्रेमलता पोखरना द्वारा लिखी गई पुस्तक 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ राजस्थान' की प्रति भेंट की गई।

राज्यपाल ने पुस्तक का अवलोकन कर प्रति पर अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं व हस्ताक्षर कर इसकी सराहना की। भेंट के दौरान राज्यपाल महोदय को प्रेमलता पोखरना ने पुस्तक की विस्तार से जानकारी दी । साथ ही राज्यपाल को राजस्थान से महाराष्ट्र के प्राचीन संबंधों से अवगत कराते हुए बताया कि बागड़, बगड़ावत, बागड़ी आदि राजस्थान में प्रसिद्ध है।

दैनिक जलतेदीप और माणक पत्रिका के प्रबंध संपादक दीपक मेहता ने राजस्थानी पत्रिका माणक भेंट करते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय में राजस्थानी भाषा और संस्कृति विभाग शुरू करने की मांग की, साथ ही हाल ही में हुए इस सम्बंध में छात्रों के आंदोलन की जानकारी भी दी।

इव मौके प्रेमलता पोखरना के साथ, अनिरुद्ध सिंह राठौड़, दीपक मेहता, डॉ. यूएस पोखरना, मीनल पोखरना एवं फतेह पोखरना भी मौजूद रहे।

# अम्बेडकर स्मृति विधि व्याख्यान का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा आज अपने प्रथम डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति विधि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में माननीय न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी (अध्यक्ष, विधि आयोग एवं पूर्व न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय) उपस्थित रहे। इस व्याख्यान का शीर्षक ' डाटा, डिग्निटी एंड डेस्टिनीःरी थिंकिंग सोशल जस्टिस इन द एआई ऐरा' रहा। व्याख्यान में माननीय न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा (कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय), प्रो. (डॉ.) निष्ठा जसवाल (कुलगुरू, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर) एवं श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा (कुलसचिव, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर) उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय ने कानोडिया स्कूल लॉ फॉर वीमन, जयपुर को जिम्मेदारी सौंपी। सभी 80 विधि महाविद्यालयों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. (डॉ.) निष्ठा जसवाल द्वारा स्वागत भाषण दिया गया तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विषय में विचार साझा किये। उन्होने अम्बेडकर जी के जीवन और विरासत पर अपने विचार सांझा किए और कहा कि उन्होने मानवीय गरिमा को सर्वोच्च महत्व दिया। उन्होने संविधान को आधुनिक समय की जीती-जागती हकीकत बत्ताते हुए उसे आत्मसात करने को प्रोत्साहित किया। माननीय न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जन्म दिवस पर उनके योगदान को याद किया।



# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सेन महाराज की जयंती

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के वार्ड संख्या 16 स्थित खारिया कुआं के पास मंगलवार को सेन समाज द्वारा आराध्य देव सेन महाराज की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस भव्य शोभायात्रा के आयोजन में सर्व समाज के सैकड़ों महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह की मुख्य अतिथि किन्नर समाज की जिलाध्यक्ष सनम बाई रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेन समाज के अध्यक्ष सुरेश मावतवाल ने की। विशिष्ट अतिथि मोहनलाल सेन, शंकर सेन छापोली, सांवरमल सेन कोट, मुकेश सेन मंडावरा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सेन महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पूजा-अर्चना के साथ हुआ। समाज के पदाधिकारियों ने अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। जयंती समारोह के दौरान सेन समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को मंच पर सम्मानित किया गया।

समाज के वक्ताओं ने सेन महाराज के आदर्शों पर चलने और समाज में एकता व शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस दौरान उपाध्यक्ष पप्पू सेन, महासचिव विक्रम सेन, सचिव मोहित सेन, महामंत्री सचिन सेन, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार, संरक्षक रीछपाल सेन, अनिल सेन, कैलाश सेन, हीरालाल सेन, सांवरमल मावता, घासी इन्द्रपुरा, ओमप्रकाश इन्द्रपुरा, सुरेश कुमार, मोरूराम, जीतू, कृष्ण कुमार, संदीप सेन सहित समाज के गणमान्य लोग और भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

...

# मूर्ति स्थापना व लाइब्रेरी निर्माण की घोषणा

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के 7 बत्ती चौक में मंगलवार को अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में सर्व समाज के लोगों ने शिरकत कर बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की।समारोह की अध्यक्षता कर रहे विधायक भगवानाराम सैनी ने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश को संविधान के रूप में एक नई राह दिखाई है। इस दौरान विधायक ने कस्बे के विकास और युवाओं की शिक्षा के लिए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कस्बे में बाबा साहब की भव्य मूर्ति लगाने और विद्यार्थियों के लिए एक आधुनिक लाईब्रेरी बनाने का ऐलान किया, जिसका उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता विजेन्द्र सिंह इन्द्रपुरा थे।



» वार्ड नं 32 में विकास की नई सौगात

# संजय नगर डी, बाल विहार कालोनी झोटवाडा जयपुर क्षेत्र में सीवरेज लाइन कार्य शुरू



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** संजय नगर डी, बाल विहार कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही सीवरेज जाम की समस्या के समाधान हेतु नई सीवरेज लाइन निर्माण कार्य 31 नंबर बस स्टैंड से बाई पास सर्विस लेन के साथ का साथ मैन कालवाड रोड चौराहे तक शुभारंभ किया गया।यह कार्य स्थानीय निवासियों की मांग पर भाजपा पार्षद प्रत्याशी भवानी सिंह खिंची के प्रयासों से संभव हो सका। उन्होंने इस समस्या को क्षेत्र की विधायक एवं राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के समक्ष उठाया, जिसके बाद इस कार्य हेतु बजट स्वीकृत किया गया।कार्यक्रम में तीनों कॉलोनियों के पदाधिकारियों–बाल विहार कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल लाल शर्मा एवं महासचिव हनुमान सहाय शर्मा, संजय नगर डी विकास समिति अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजावत तथा संजय नगर ए विकास समिति अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा की उपस्थिति में भवानी सिंह खिंची का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।तत्पश्चात भवानी सिंह खिंची के करकमलों द्वारा विधिवत पूजन कर सीवरेज लाइन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों द्वारा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं भवानी सिंह खिंची के प्रति आभार व्यक्त किया गया।बाल विहार कॉलोनी विकास समिति के महासचिव हनुमान सहाय शर्मा ने बताया कि इस कार्य से क्षेत्र के नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिलेगी।

# स्वास्थ्य शिविर व व्याख्यान माला में उमड़ा सैलाब

**उदयपुरवाटी।** सनातन संस्कृति रक्षा समन्वयक समरसता आंदोलन एवं आनंद श्री चेतना केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि डॉ. गोविंद शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन सामाजिक समता, शिक्षा और संविधानिक मूल्यों का प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने समाज में समानता और शिक्षा के प्रसार पर बल दिया। मुख्य वक्ता डॉ. जनक सिंह मीणा ने व्याख्यान देते हुए उनके विचारों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बताया। अध्यक्षता डॉ. मोहनलाल छीपा ने की। विशिष्ट वक्ता डॉ. प्रीति जोशी ने भारतीय संविधान की विशेषताओं एवं अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला।





# अंबेडकर भवन में स्थापित होगी बाबा साहब की प्रतिमा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के बणी मोहल्ले में स्थित अंबेडकर भवन में मंगलवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। चौधरी ने अंबेडकर भवन में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करवाने, ओपन जिम लगवाने और भवन की मरम्मत करवाने की महत्वपूर्ण घोषणा की। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने कहा कि बाबा साहब ने देश को जो संविधान दिया है, वह हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। आज देश के तमाम नेता और अफसर उसी संविधान की शक्ति से व्यवस्था को सुचारू रूप से चला रहे हैं। उन्होंने समाज से बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने और शिक्षित बनने का आह्वान किया। उनकी घोषणाओं पर उपस्थित जनसमूह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर की गई। समारोह की अध्यक्षता विद्युत विभाग के सहायक अभियंता मनफूल महरिया ने की।




# अंबेडकर जयंती : शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का संदेश गूंजा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की ओर से दुर्गापुरा स्थित महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम, कृषि अनुसंधान परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और पूरे परिसर में 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का संदेश गूंजता रहा।

मुख्य अतिथि मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग रहे, जबकि अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईएएस ललित मेहरा ने की। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा, अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति संयुक्त संस्थान भागचंद मीणा, सेवानिवृत्त आईएएस एमएस काला, यादराम फांसल, मानसिंह खींची, शशि इंदुलिया, सुशीला बुंदेला, मानसी सांखला, उर्मिला वर्मा, प्रशांत मेहरड़ा, रोहित खन्ना, कैलाश सांखला सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष जसवंत सम्पतराम के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद महासचिव जीएल वर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया, जिससे कार्यक्रम में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

संविधान और सामाजिक एकता पर दिया जोर

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संस्था पर बलपूर्वक कब्जा करना और उसमें विभाजन उत्पन्न करना न केवल समाज के हित में है, बल्कि यह संविधान की मूल भावना के भी खिलाफ है। उन्होंने सभी से एकजुट रहकर संविधान की मर्यादाओं का पालन करने का आह्वान किया।

अन्य वक्ताओं ने भी रखे विचार

सेवानिवृत्त आईएएस ललित मेहरा ने राजकीय सेवाओं में आ रही कठिनाइयों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। पूर्व पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समाज में व्याप्त सामाजिक विषमता पर चिंता व्यक्त की। यादराम फांसल ने अनुसूचित जातियों पर हो रहे अत्याचारों एवं प्रशासनिक कमजोरियों को उजागर किया।

सुशीला बुंदेला ने अनुसूचित जाति वर्ग में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया, जबकि मानसी सांखला ने अनुसूचित जातियों से जुड़े अपराधों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया।

# दलित और पिछड़ों के जुझारू योद्धा थे बाबा साहब : राजेश रायपुरिया

**बाबा साहब का मूल मंत्र शिक्षित बनो संगठित रहो :राजवीर सिंह राजावत**

**बाबासाहेब के जयंती पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस


» धौलपुर... कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता

**धौलपुर।** जिला भाजपा कार्यालय पर भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राजेश रायपुरिया, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. शिवचरण कुशवाहा, एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री राजबहादुर मीणा, सैंपऊ प्रधान दुष्यंत बघेल, पूर्व जिला प्रमुख रामवती जाटव एवं जिला कार्यक्रम संयोजक चतुर सिंह जाटव मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में बोलते हुए राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि बाबा साहब का उद्देश्य समाज में कोई भी शोषित वंचित न रहे सभी का शिक्षा के माध्यम से विकास हो और उनको समाज में उच्च और उचित स्थान मिले, भारत रत्न बाबा साहब भारतीय संविधान के शिल्पकार थे एवं बहुत बड़े समाज सुधारक थे, उन्होंने कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, एवं संघर्ष करो यह उनके प्रसिद्ध नारा था। मुख्य अतिथि एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री राजेश रायपुरिया ने कहा कि बाबा साहब दलितों के मसीहा थे, उन्होंने दलितों की उत्थान के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी, देश के पहले कानून मंत्री रहे, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर हमारे स्वतंत्रता संघर्ष के एक असाधारण नेता थे, समाज के दलित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के जुझारू योद्धा थे। वह विद्वान, पत्रकार, शिक्षाविद्, विधि विशेषज्ञ, समाज सुधारक तथा राजनीतिक नेता थे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विजय त्यागी ने किया कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के जिला संयोजक चतुर सिंह ने सभी उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशम्बर दयाल शर्मा, जिला महामंत्री अनिल गोयल, भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन, जिला उपाध्यक्ष मुकेश हनुमानपुरा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण तोमर, जिला मंत्री हरेंद्र राव, जिला मंत्री ओमकार कटरा, सोशल मीडिया प्रभारी ऋतिक वर्मा, धौलपुर शहर मंडल प्रभारी बाचा राम बघेल, बसेड़ी शहर मंडल सह प्रभारी दीपचंद कुशवाहा, जारगा मंडल प्रभारी जितेंद्र तिवारी एवं सह रामप्रसाद गोस्वामी, आगई मंडल प्रभारी संतोष गुर्जर, बाड़ी शहर मंडल प्रभारी बृजराज सिंह परमार एवं सह प्रभारी रामू शर्मा, कंचनपुर मंडल सह प्रभारी लोकेंद्र सिंह परमार, वसई नवाब मंडल सह प्रभारी रामू सिकरवार, बिजौली सह प्रभारी सतवीर खिरोड़ा, पुराना शहर मंडल सह प्रभारी अशोक सिकरवार, जाटोली मंडल सह प्रभारी हाकिम लोधा, रामविलास बघेला, सारानीखेड़ा मंडल नंद किशोर शुक्ला एवं सह प्रभारी दिनेश कुशवाह, राजाखेड़ा शहर मंडल प्रदीप सिसोदिया, मरैना मंडल प्रभारी डॉ हेम सिंह लोधा एवं सह प्रभारी राम प्रसाद बघेल, मांगरोल मंडल प्रभारी विनय परमार, मनियां मंडल प्रभारी डा मनोज शर्मा एवं सह प्रभारी लोकेंद्र सिंह चौहान, पंकज शर्मा, मुरैना मंडल महामंत्री रविंद्र हतवारी, कार्यालय प्रभारी बृजमोहन शर्मा, बी के कुशवाहा, किरोड़ी लाल जाटव, अनमोल बंसल, दुर्गेश श्रीवास्तव, महावीर गर्ग, संजय शर्मा, मनोज जैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजस्थान पुलिस ने झालावाड़ में फरार ड्रग तस्कर पर की बड़ी कार्रवाई, 5.5 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** झालावाड़ पुलिस ने 'ऑपरेशन दिव्य प्रहार 2.0' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए, वांछित ड्रग तस्कर बबलू तंवर और उसके साथियों की लगभग 5.5 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति को फ्रीज कर दिया है। बबलू तंवर घटोली पुलिस थाना क्षेत्र के पालखंडा का रहने वाला है, जो फिलहाल फरार है और उस पर इनाम घोषित है। एएसपी भगचंद मीणा के मुताबिक, यह अभियान जनवरी 2026 में ड्रग नेटवर्क पर निर्णायक प्रहार करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

इस पहल का फोकस न केवल तस्करों को गिरफ्तार करने पर है, बल्कि अवैध ड्रग व्यापार से बनाई गई वित्तीय संपत्तियों को खत्म करने पर भी है। ये संपत्तियां अक्सर अपना प्रभाव और दबदबा कायम करने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं।

पुलिस ने पिछले तीन महीनों में पालखंडा (पोस्ट सरखंडिया, पुलिस स्टेशन घाटोली, तहसील अकलेरा, जिला झालावाड़) निवासी बबलू तंवर को लक्षित करते हुए एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया। सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी मिलने के बाद उसकी आवासीय संपत्तियों, कृषि भूमि और वाहनों को स्थायी रूप से फ्रीज करने के आदेश जारी किए गए।

# उच्च माध्यमिक महात्मा गांधी से डिमोशन कर उच्च प्राथमिक बनाए जाने का जताया विरोध

**ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस


» राजाखेड़ा...एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण

**राजाखेड़ा।** शहरी क्षेत्र के एक मात्र उच्च प्राथमिक विद्यालय को दो वर्ष पूर्व राजकीय उच्च माध्यमिक महात्मा गांधी विद्यालय बनाने और अब पुनः उसे डिमोशन कर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बनाये जाने पर ग्रमीणों में गुस्सा भड़क गया। सोमवार को उन्होंने निवर्तमाना पालिकाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादोन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपखण्डाधिकारी सुशीला मीणा को सौंपकर आदेशो को प्रत्याहरित करने की मांग की और न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

जादौन ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र के पहले पांच वार्ड ग्राम अम्बरपुर एवं इससे जुड़े आधा दर्जन गांवों के है। जिनमे 7 से 8 हजार की आबादी निवास करती है। जिसमे सभी 7 बिरादरी के लोग हैं और अधिकांश गरीब मजदूर व किसान है। पूर्व विधायक मनोरमा सिंह भी इसी वार्ड में निवास करती हैं। यहां लगभग 50 वर्ष पूर्व स्थापित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के हालात आधा दशक से बेहद खराब थे और यह एक अध्यापक के भरोसे संचालित हो रहा था। शैक्षणिक सुविधाओ के अभाव के चलते इसका नामांकन भी लगातार बेहद कम होता गया और किसान और मेहनतकश लोगो के इस कैचमेंट एरिया के लोगों को मजबूरन अपने बच्चों को राजाखेड़ा के निजी विद्यालायों में भेजना पड़ा। दो वर्ष पूर्व राज्य सरकार ने विद्यालय का दर्जा बढ़ाकर इसे महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय बना दिया और उच्च माध्यमिक का दर्जा दे दिया। जिससे ग्रमीणों को हालात सुधरने का भरोसा हुआ कि अब ये पिछड़ा क्षेत्र भी शैक्षणिक स्तर पर विकसित हो सकेगा। लेकिन खुशी की यह लहर ज्यादा न चल सकी और विद्यालय का दर्जा बड़ा पर सुविधाएं न बढ़ सकी और राजनैतिक कारणों के चलते एंव स्टाफ एंव संसाधनों की कमी के कारण पुनः उक्त विद्यालय को उच्च प्राथमिक विद्यालय में डिमोशन कर दिया। उसके बाबजूद भी विद्यालयों में छात्रों / छात्राओं के लिये खेल कूद मैदान, शौचालय, व पुख्ता भवन एंव शिक्षकों की कमी जैसी सुविधाओं को पूरा नहीं किया गया । नागरिकों का आरोप है कि गरीब व्यक्ति भी समय की स्थिति को देखते हुये डर के साये में अपने बच्चों, बहन बेटियो को गुनवतत्तापूर्ण शिक्षा घर के नजदीक दिलवाना चाहता है । जबकि राजाखेड़ा की दूरी यहां से कई किलोमीटर है और सुनसान राह के चलते डर बना रहता है। जिससे वे उन्हें न बाहर भेज पा रहे और न स्तानीय स्तर पर ही वे पढ़ पा रहे। ऐसे में उनका शैक्षणिक भविष्य अंधेरे में आ गया है।

ग्रामवासियो ने मांग की कि गांव के विद्यालय को पुनः महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक बनाया जाए एंव योग्य शिक्षकों की तैनाती की जाए। विद्यालय के शैक्षणिक भवन, शौचालय एवं खेल मैदान की व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाए ताकि अम्बरपुर व आसपास के गांवों के लोग अपने बालक-बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिला सके जो आज के समय की पहली आवश्यकता है। अगर ग्रामवासियों की विद्यालय के समस्या का समाधान अतिशीघ्र नहीं किया गया तो आकोशित ग्रामवासियों को स्कूल में तालाबन्दी कर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पर आन्दोलन करने के लिये मजमूर होना पड़ेगा।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर राष्ट्र नायक थे- साकेत बिहारी शर्मा


» धौलपुर..कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसीजन

**डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने की। शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब महानायक जननायक भारत माता के सच्चे सपूत लोकतांत्रिक मूल्यों के सजग प्रहरी धर्मनिरपेक्षता की प्रतिमूर्ति थे, वे राष्ट्र नायक थे। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब संविधान के मुख्य शिल्पकार थे, उन्होंने शोषित और वंचित वर्ग के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। महान विचारक एवं समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का संपूर्ण जीवन सामाजिक भेदभाव मिटाने के उत्थान एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित रहा। उन्होंने इस अवसर पर आव्हान करते हुए कि कहा हम सबकों मिलकर बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

संचालन कांग्रेस संगठन महासचिव धनेश जैन ने किया। इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री लीना शर्मा, संयोजक बॉबी जगरिया, ब्लाक अध्यक्ष शिबू लोधा, पुष्पेंद्र कुशवाहा, नगर अध्यक्ष बनवारी लाल जाटव, सैंपऊ नगर अध्यक्ष, संजय बघेल, अभिषेक यादव महासचिव, दीपक सक्सेना, मेनेजर होरी लाल, राजू पहाड़िया, सोहन सिंह, बनवारी बघेल, नरेन्द्र नागर,राजेश कुशवाहा, विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# पुलिस ने पकड़ा पत्थर बोल्डर से भरा ट्रैक्टर, जांच में निकला चोरी का

**यूपी के हाथरस जिले से चुराया गया, आरोपी पर अवैध खनन के साथ चोरी का मामला दर्ज**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बाड़ी।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व नेशनल हाईवे 11बी पर बिजौली और नयापुरा के बीच नाकाबंदी करते हुए पत्थर बोल्डर से भरे हुए एक मेसी ट्रैक्टर को जप्त किया था। जो बिना नंबर का था। ट्रैक्टर को जप्त करने के साथ चालक को भी गिरफ्त में लिया गया,जिसकी पहचान ध्रुवसिंह पुत्र बाबू सिंह ठाकुर निवासी बिजौली के रूप में हुई। मामले की जांच एएसआई देशराज शर्मा कर रहे थे,जांच में सामने आया है कि उक्त ट्रैक्टर चोरी का है जो यूपी के हाथरस जिले से चुराया गया था। ऐसे में अब अवैध खनन के साथ चोरी के मामले में भी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों के साथ अवैध खनन को लेकर भी कार्रवाई की जा रही है। करीब एक सप्ताह पूर्व बिजौली चौकी पुलिस के इंचार्ज कलेक्टर सिंह को सूचना मिली की अवैध खनन के पत्थर से भरा एक ट्रैक्टर हाईवे पर जा रहा है। सूचना पर बिजौली और नयापुरा के बीच में पुलिस ने नाकाबंदी की। जहां से अवैध पत्थर से भरे एक मेसी ट्रैक्टर को जप्त किया गया। चालक ध्रुव सिंह पुत्र बाबू सिंह ठाकुर निवासी बिजौली को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पूरा पत्थर अवैध खनन के तरीके से लाया गया। ऐसे में थाने पर मामला दर्ज करते हुए धारा 303(2) बीएनएस और 4/21 एमएमडीआर में मामला दर्ज किया। जिसकी जांच एएसआई देशराज शर्मा को सौंपी गई।

जांच में सामने आया है कि उक्त ट्रैक्टर का नंबर यूपी 86 एडी 5734 है। ट्रैक्टर को हाथरस जिले के सादाबाद थाना क्षेत्र के गांव जटोई से करीब डेढ़ महीने पहले चोरी किया गया था। जिसका मामला भी हाथरस के कोतवाली थाने में दर्ज है। उक्त मामले को लेकर आरोपी ध्रुव सिंह से पूछताछ की गई। ऐसे में आरोपी के खिलाफ अवैध खनन के साथ चोरी की धाराओं मे भी मामला दर्ज किया गया है। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस की इस कार्यवाही में कांस्टेबल हेमंत सिंह और रविन्द्र सिंह का भी सहयोग रहा है।

# संविधान निर्माता के जन्मदिन पर अंबेडकर पार्क में एसडीएम ने सभी को दिलाई संविधान की शपथ



» बाड़ी.... उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी एवं अन्य।

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 185 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य आयोजन शहर के बी.आर. अंबेडकर पार्क में हुआ,जहां उपखंड अधिकारी (एसडीएम) भगवत शरण त्यागी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर एसडीएम त्यागी ने उपस्थित अधिकारियों और नागरिकों को संविधान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना का भी वाचन किया गया, जिसमें सभी ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान देश की हर समस्या का समाधान प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि संविधान के माध्यम से ही पूरे देश में सरकार और कानून का शासन सुचारू रूप से चल रहा है। कार्यक्रम में तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी उत्तम चंद्र बंसल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंबेडकर शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष जे.पी. रावत और अन्य पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन होतम सिंह जाटव, वयोवृद्ध पार्षद राजकुमार भारद्वाज, आरिफ खां, सुरेश भारद्वाज और राकेश अजर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ओबीसी कार्यालय में अम्बेडकर जयंती मनाई



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** अंबेडकर जयन्ती पर ओबीसी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और आमजन ने हिस्सा लिया। ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि अंबेडकर साहब संगठित समाज के सामूहिक विकास के लिए जीवनभर जो कार्य करते रहे, हमें उनकों आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अंकलेश जाखड़ ने कहा कि यह कार्यक्रम संविधान प्रदत्त अधिकारों और दायित्वों के प्रति समाज को जागरूक करने तथा वंचितों के विकास के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, जो बाबा साहेब के जीवन मूल्यों से प्रेरित होकर समाज के सामूहिक विकास की भावना को बल देता है।

# कक्षा 8 और 6 के विद्यार्थियों को किया सम्मानित


» बाड़ी.... सम्मान समारोह में मौजूद छात्र छात्रा और अतिथिगण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** श्री नागा बाबा पंचम गिरी माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर किरी में कक्षा 8 और 5 में ए, ग्रेड प्राप्त करने वाले भैया बहनों का प्रतिभा सम्मान सम्मान समारोह रखा गया, जिसमें विद्या भारती संस्थान के भगवान दास बंसल, शिव शंकर बिंदल अध्यक्ष, भारतीय शिक्षा समिति बाड़ी, कल्याण प्रसाद शर्मा व्यवस्थापक भारतीय शिक्षा समिति, अश्वनी गोयल, भारतीय शिक्षा समिति कोषाध्यक्ष, राम अवतार शर्मा प्रधानाचार्य उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर धौलपुर रोड, पंकज गर्ग भामाशाह एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

जिन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर उत्साह वर्धन कर सम्मान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई, अंत में रामकुमार शर्मा प्रधानाचार्य द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर विद्यालय का स्टाफ राजीव कुमार गौड़, शिव निवास शर्मा, रामनिवास कुशवाह, पूजा शर्मा, नीतू सिंह, कमलेश नागर, ममता गर्ग, शशि वर्मा, बृजवासी शर्मा, नवल कुमार, नीलम, साधना, कैलाश, रमेश आदि उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि

**जयपुर।** विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित 'अंबेडकर जयंती समारोह' में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भाग लेकर डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धापूर्वक नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार मंच समिति द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बाबा साहब के महान विचारों, संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान तथा सामाजिक समरसता के लिए किए गए संघर्ष को याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें समानता, न्याय और अधिकारों के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब द्वारा रखी गई नींव को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की पूरे विश्व में अलग पहचान है और देश निरंतर अंबेडकर जी के आदर्शों पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि हर नागरिक को समान अवसर मिले।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दौनारी, पंचायत समिति सैंपऊ (धौलपुर)**

क्रमांकः/ ग्रा.पं./ई.निनि.सा./2026/21 दिनांक :- 13.04.2026

**ई-निविदा सूचना 01/2026-27**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2026-27 में संचालित समस्त प्रकार की योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिए सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनांक 24.04.2026 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00014 है। विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत दौनारी

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत दौनारी

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ऑनलाइन खुली ई-निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) पंचम, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ऑनलाइन ई-निविदा (दो पैकेट प्रणाली) ई टेंडरिंग प्रणाली पर निर्धारित इलेक्ट्रॉनिक प्रपत्र पर आमंत्रित करते है **(1) टेण्डर नं.:** एनडबल्यूआर/एससी/जयपुर-चाकसू/सिविल/ 514110102 आर **(2) कार्य का नाम एवं स्थान:** उत्तर पश्चिम रेलवे के सवाई माधोपुर-जयपुर खंड के दोहरीकरण के संबंध में चाकसू (सहित) से जयपुर (सहित) तक 87.60 किमी से 131.27 किमी के बीच बैंक/कटिंग में अर्थ वर्क का शेष कार्य, जिसमें ब्लैंकेटिंग, लघु पुलों का निर्माण, आरबी/एलएचएस, एफओबी, ट्रॉली रिफ्यूज, टो वॉल, रिटेनिंग वॉल, पिचिंग, स्टेशन भवन और अन्य संरचनाएं, प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म शेल्टर, स्टाफ क्वार्टर और अन्य सहायक कार्य शामिल हैं। **(3) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹189,25,55,631.99/- **(4) बयाना राशि:** ₹3,78,51,100/- **(5) निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** 06/05/2026 को 15.00 बजे तक **(6) वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखी जा सकती है:** भारतीय रेलवे की ई-टेंडरिंग वेबसाइट www.ireps.gov.in **(7) कार्यालय ई-मेल पता:** dyceciijp@gmail.com 543-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश


» धौलपुर...बैठक में निर्देश देते डीएम

**धौलपुर।** फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में किया गया।

उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि विद्युत के अवैध कनेक्शनों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि खराब व टूटी सड़कों की मरम्मत किया जाना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी स्थिति में पेयजल संकट उत्पन्न न हो तथा सभी खराब हैंडपंपों को अनिवार्य रूप से दुरुस्त किया जाए। तकनीकी कारणों से कोई भी जल स्रोत बंद नहीं रहे और पेयजल आपूर्ति से जुड़े सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। आमेर उपखंड में तैनात तकनीकी टीमें गांव-गांव जाकर तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करें गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जलभराव वाले क्षेत्रों में फॉगिंग गतिविधियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने लू-तापघात की सम्भावना को देखते हुए चिकित्सा संस्थानों पर पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं से संबंधित कार्य का धरातल पर क्रियान्वयन हो। प्रत्येक कार्य का रिव्यू होना चाहिए। नीति आयोग से बजट प्राप्त हुआ है उसका सही निस्तारण किया जाए।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि वाहन संख्या आरजे 32 सीए-0043 के स्वामी महेश चन्द शर्मा पुत्र स्व.श्री सुवालाल शर्मा निवासी गढ कालोनी कस्बा कोटपूतली तह. कोटपूतली जिला कोटपूतली-बहरोड की मृत्यु 13 सितम्बर 2024 को हो जाने पर उक्त वाहन का रजिस्ट्रेशन उनकी पत्नी श्रीमती कमलेश शर्मा के नाम करवाने हेतु कागजात पेश किये है अगर किसी को कोई आपति हो तो सात दिवस में जिला परिवहन कार्यालय कोटपूतली में सुचित करे अन्थता उक्त वाहन का स्वामित्व स्थानान्तरण कर दिया जायेगा।

आज्ञा से
डीटीओ कोटपूतली

# संपादकीय

## ब्रिजिंग मेडिसिन डिवीड्स

डॉ विजय गर्ग

आधुनिक चिकित्सा एक असाधारण चौराहे पर खड़ी है। एक ओर, जैव प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सटीक देखभाल में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। दूसरी ओर, शहरी और ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल, अमीर और गरीब मरीजों, पारंपरिक और आधुनिक प्रथाओं के बीच तथा यहां तक कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रणालियों के बीच भी गहरी विभाजन बनी हुई है। इन विभाजनों को पाटना हमारे समय की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है।

स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में एक बड़ा अंतर मौजूद है। जबकि महानगरीय शहरों में उन्नत अस्पताल और विशेषज्ञ होते हैं, ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्र अक्सर बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं से जूझते रहते हैं। यह असंतुलन असमान स्वास्थ्य परिणामों को जन्म देता है, जहां भूगोल व्यक्ति द्वारा प्राप्त देखभाल की गुणवत्ता निर्धारित करता है। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को मजबूत करना, टेलीमेडिसिन का विस्तार करना और बुनियादी ढांचे में सुधार करना यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि गुणवत्तापूर्ण देखभाल हर कोने तक पहुंच जाए।

एक अन्य अंतर किफायती और गुणवत्ता के बीच है। उच्च चिकित्सा लागत कई परिवारों को वित्तीय संकट में डाल देती है, विशेष रूप से उन देशों में जहां बीमा कवरेज सीमित है। इस अंतर को पाटने के लिए नीतिगत सुधार, व्यापक बीमा समावेशन और लागत प्रभावी उपचार मॉडलों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सार्वजनिक-निजी साझेदारियां मानकों से समझौता किए बिना स्वास्थ्य देखभाल को अधिक सुलभ बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। पारंपरिक और आधुनिक चिकित्सा को एकीकृत करने की भी बढ़ती आवश्यकता है। आयुर्वेद, योग और अन्य स्वदेशी प्रथाओं जैसी प्रणालियां लंबे समय से कई समाजों में स्वास्थ्य देखभाल का हिस्सा रही हैं। उन्हें अलग या प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण के रूप में देखने के बजाय, वैज्ञानिक सत्यापन द्वारा समर्थित एक संतुलित एकीकरण रोगियों को समग्र देखभाल प्रदान कर सकता है। प्रौद्योगिकी, यद्यपि परिवर्तनकारी है, लेकिन उसने अपना स्वयं का विभाजन पैदा कर दिया है। एआई डायग्नोस्टिक्स और रोबोटिक सर्जरी जैसे उन्नत उपकरण अक्सर अच्छी तरह से वित्तपोषित संस्थानों तक सीमित होते हैं। इस तकनीकी अंतर को पाटने का अर्थ है नवाचार को लोकतांत्रिक बनाना– औजारों को किफायती, मापनीय और सुलभ बनाना। प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और रोगियों दोनों में डिजिटल साक्षरता समान रूप से महत्वपूर्ण है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बीच का अंतर भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बहुत लम्बे समय से मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज किया जा रहा है या कलंकित किया जा रहा द्धड्डद्ब। प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणालियों में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को एकीकृत करना, जागरूकता बढ़ाना, तथा प्रशिक्षित पेशेवरों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, कल्याण के लिए एक अधिक व्यापक दृष्टिकोण बनाने में मदद कर सकता है। अंततः, संचार एक ऐसा विभाजन है जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। भाषा, संस्कृति और शिक्षा में अंतर प्रभावी डॉक्टर-रोगी संबंधों को बाधित कर सकता है। सहानुभूति, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और स्पष्ट संचार विश्वास निर्माण और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आवश्यक हैं।चिकित्सा के विभाजन को पाटना कोई एकल समाधान नहीं बल्कि एक सामूहिक प्रयास है। इसके लिए सरकारों, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, प्रौद्योगिकीविदों और समुदायों के बीच सहयोग की आवश्यकता है। समावेशिता, सामर्थ्य और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करके, हम एक ऐसी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की ओर बढ़ सकते हैं जो सभी को समान रूप से और प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान करे।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाशास्त्री स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब

# आर्थिक ताकत बनते खाद्यान्न भंडार, हथियार नहीं, 'अनाज' है भारत की असली शक्ति

**हाल में विश्व खाद्य कार्यक्रम की ओर से जारी रपट के मुताबिक, इस समय दुनिया में 31.9 करोड़ लोग भूख से पीड़ित हैं। अब पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण यह आंकड़ा और बढ़ने के आसार हैं। इस वैश्विक चुनौती के बीच भारत खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में अनुकूल स्थिति में नजर आता है**



अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की विफलता से वैश्विक स्तर पर राहत मिलने की संभावनाएं भी क्षीण होती दिख रही हैं। अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से होर्मुज जलमार्ग को खोलने संबंधी एलान और इस पर ईरान के भारी विरोध से युद्ध की चुनौतियां बढ़ गई हैं। इससे दुनिया भर में खाद्य संकट बढ़ने की आशंका है। चूंकि इस युद्ध के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नुकसान पहुंचा है, जिससे तेल एवं गैस समेत उर्वरकों की भी भारी कमी हो गई है और उसे ठीक होने में महीनों लग सकते हैं, इसलिए जरूरी वस्तुओं के दाम ऊंचे बने रहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

हाल में विश्व खाद्य कार्यक्रम की ओर से जारी रपट के मुताबिक, इस समय दुनिया में 31.9 करोड़ लोग भूख से पीड़ित हैं। अब पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण यह आंकड़ा और बढ़ने के आसार हैं। इस वैश्विक चुनौती के बीच भारत खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में अनुकूल स्थिति में नजर आता है। भारत के पास 31 मार्च 2026 तक 6.02 करोड़ टन गेहूं और चावल का सुरक्षित भंडार (बफर स्टाक) मौजूद है, जो देश की आर्थिक ताकत बन गया है। इस खाद्यान्न भंडार से भारत एक साल तक की अपनी खाद्यान्न जरूरत को आसानी से पूरा कर सकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि देश के अस्सी करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है।

भारत का रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन जहां देश के आम आदमी के लिए भोजन की गारंटी है, वहीं दुनिया के कई जरूरतमंद देशों के करोड़ों लोगों के लिए खाद्यान्न आपूर्ति का आधार भी है। भारत 'खाद्य सुरक्षा' के मामले में न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि मजबूत स्थिति में है। सरकार तकनीक और कृषि हितप्रद नीति के माध्यम से किसानों को केवल 'अन्नदाता' ही नहीं, बल्कि 'निर्यातक' बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन तथा प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सहित सभी कृषि क्षेत्रों को मजबूत किया जा रहा है। देश का लक्ष्य गेहूं और चावल के अलावा दलहन एवं तिलहन में आत्मनिर्भर होना है।

वर्ष 2025-26 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक, इस बार खाद्यान्न उत्पादन का परिदृश्य ऐतिहासिक स्तर पर है। खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 17.41 करोड़ टन और रबी खाद्यान्न उत्पादन 17.45 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष 2024-25 की तुलना में एक बड़ी छलांग है। पिछले वर्ष खरीफ उत्पादन 16.94 करोड़ टन था, जिसमें इस बार लगभग 2.8 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, रबी उत्पादन पिछले वर्ष 16.91 करोड़ टन था, जिसमें इस दफा 3.2 फीसद की शानदार वृद्धि देखी गई है। थाली के सबसे अहम हिस्से यानी चावल और गेहूं के मोर्चे पर भी भारत ने अपनी जोरदार बढ़त कायम रखी है। दालों के उत्पादन में भी पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ोतरी दिखाई दे रही है।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के मध्य युद्धविराम के पहले खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक कीमतों के बीच भारत में अनाज का रिकार्ड उत्पादन एक 'सुरक्षा कवच' की तरह रहा है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि वर्ष 2008 की वैश्विक मंदी में देश की अर्थव्यवस्था खाद्यान्न ताकत की वजह से बहुत कम प्रभावित हुई थी। इतना ही नहीं, छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार एक तरह से हथियार बन गए थे। हाल ही में प्रख्यात कृषि विशेषज्ञ और ब्राजील पोटाश के सीईओ मेट सिंपसन ने कहा कि दुनिया में लगातार खाद्य संकट बढ़ता जा रहा है। उर्वरक की कमी के कारण यूरोप और उत्तरी अमेरिका में फसलों की बुआई पर गंभीर असर पड़ रहा है। ऐसे में कई देशों के लिए खाद्यान्न का बड़े पैमाने पर आयात जरूरी होता जा रहा है। कोरोनाकाल में भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात किया था। अब एक बार फिर जब दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, तब भारत खाद्यान्न निर्यात के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है।

निस्संदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ है। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है। अब तक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 22 किस्तों में चार लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपए के बीमा दावों का निपटारा किया गया है। देश के गांवों में अप्रैल 2020 से शुरू की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में काम किया जा रहा है।वैश्विक खाद्य संकट के बीच खाद्यान्न की बढ़ती मांग के मद्देनजर भारत की ओर से चालू वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत कृषि को निर्यात उन्मुख बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 1,62,671 करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में सात फीसद अधिक है। स्थानीय किसानों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के महत्व को रेखांकित किया जा रहा है। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है और वर्तमान में यहां लगभग 4.5 लाख टन मछली का उत्पादन हो रहा है, जबकि अतिरिक्त बीस लाख टन उत्पादन की अपार संभावना है। समुद्री अर्थव्यवस्था की क्षमता को बढ़ाने के लिए नए व्यावसायिक तरीके अपनाए जा रहे हैं। साथ ही कृषि में प्रौद्योगिकी संस्कृति को बढ़ावा देने और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के विकास पर भी जोर दिया रहा है। व्यापक भंडारण अभियान और कृषि-वित्तीय प्रौद्योगिकी तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं में नवाचार को बढ़ाने के प्रयास जारी हैं।

इस बार के बजट के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को कृषि निर्यात उन्मुख बनने की कोशिश की गई है। इससे भारत के कृषि निर्यात और वैश्विक खाद्य आपूर्ति में और प्रभावी भूमिका निभाने की संभावनाओं को बल मिलता है। देश के पास खाद्यान्न की पैदावार और खाद्य प्रसंस्करण वस्तुओं का उत्पादन एवं निर्यात बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में विविध जलवायु है और कृषि अनुकूल जलवायु क्षेत्रों के मामले में वह समृद्ध है। ऐसे में भारत को निर्यात आधारित खेती, फसल विविधीकरण और खेती में आधुनिक तकनीक के एकीकरण के साथ आगे बढ़ना होगा।

भारतीय कृषि उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मानकों के सभी पहलुओं पर गंभीरता से काम करना होगा। चूंकि देश में अभी भी अनाज, दाल तथा तिलहन के उत्पादन का स्तर मौसम पर ही निर्भर होता है, ऐसे में क्षेत्रवार और फसलवार आधार का व्यापक अध्ययन करते हुए सिंचाई व्यवस्था की नई नीति तैयार करना लाभप्रद होगा। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि अनाज बर्बाद होने से बचाने के लिए देश में वर्ष 2028 तक सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करने की महत्त्वाकांक्षी योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। उम्मीद है कि खाद्यान्न संकट की वैश्विक चिंताओं के बीच भारत रिकार्ड खाद्यान्न भंडार से देश के आम आदमी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्यान्न निर्यात में भी अहम भूमिका निभाएगा।

# एक साथ मजबूत: मानवीय समर्थन का विज्ञान

डॉ विजय गर्ग

समर्थन को अक्सर दयालुता के एक साधारण कार्य, आश्वस्त करने वाला शब्द, मदद का हाथ या सुनने वाला कान माना जाता है। फिर भी इन रोजमर्रा के इशारों के पीछे एक शक्तिशाली वैज्ञानिक आधार छिपा है। मनोविज्ञान, तंत्रिका विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में किए गए शोध से पता चलता है कि समर्थन केवल भावनात्मक रूप से आरामदायक नहीं है; यह जैविक रूप से आवश्यक है। यह हमारे सोचने के तरीके को आकार देता है, हम कैसे सामना करते हैं, और यहां तक कि हम कितना समय तक जीवित रहते हैं।

इसके मूल में, समर्थन मानव जीव विज्ञान से गहराई से जुड़ा हुआ है। जब व्यक्ति समर्थित महसूस करते हैं, तो उनका शरीर सकारात्मक प्रतिक्रिया देता है। कॉर्टिसोल जैसे तनाव हार्मोन कम हो जाते हैं, जबकि ऑक्सीटोसिन और डोपामाइन जैसे अच्छा महसूस करने वाले रसायन बढ़ जाते हैं। यह जैव रासायनिक परिवर्तन भावनाओं को नियंत्रित करने, रक्तचाप को कम करने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है। इसके विपरीत, सहायता की कमी से दीर्घकालिक तनाव उत्पन्न हो सकता है, जो चिंता, अवसाद और कई शारीरिक बीमारियों से जुड़ा हुआ है।

समर्थन का सबसे आकर्षक पहलू मस्तिष्क पर इसका प्रभाव है। तंत्रिका विज्ञान संबंधी अध्ययनों से पता चलता है कि सामाजिक समर्थन सुरक्षा और पुरस्कार से जुड़े क्षेत्रों को सक्रिय करता है। केवल यह जानना कि कोई हमारे लिए मौजूद है, मस्तिष्क की खतरे के प्रति धारणा को कम कर सकता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि जब लोग समर्थन महसूस करते हैं तो वे बेहतर प्रदर्शन क्यों करते हैं, अधिक स्पष्ट रूप से सोचते हैं और असफलताओं से तेजी से उबरते हैं। संक्षेप में, संबंध की उपस्थिति में मस्तिष्क अधिक लचीला हो जाता है।

मानसिक स्वास्थ्य में भी सहायता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भावनात्मक समर्थन–सुना जाना, समझा जाना और मान्य किया जाना– व्यक्तियों को कठिन अनुभवों को संसाधित करने में मदद करता है। यह अलगाव की भावना को कम करता है और अपनेपन की भावना पैदा करता है। व्यावहारिक सहायता, जैसे कार्यों या जिम्मेदारियों में सहायता, दैनिक बोझ को कम करती है और व्यक्तियों को पुनर्प्राप्ति और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति देती है। साथ मिलकर, ये सहायता प्रकार मनोवैज्ञानिक कल्याण के लिए एक मजबूत आधार तैयार करते हैं।

शैक्षिक और व्यावसायिक सेटिंग्स में, समर्थन का विज्ञान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जो छात्र शिक्षकों और साथियों से प्रोत्साहन प्राप्त करते हैं, उनके प्रेरित रहने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की संभावना अधिक होती है। इसी प्रकार, जो कर्मचारी सहकर्मियों और नेताओं द्वारा समर्थित महसूस करते हैं, वे अधिक उत्पादक, नवीन और अपने काम से संतुष्ट होते हैं। समर्थन आत्मविश्वास को बढ़ावा देता है, और आत्मविश्वास प्रदर्शन को बढ़ावा देता हैं।

एक अन्य महत्वपूर्ण आयाम है (अनुभूत) समर्थन की अवधारणा दिलचस्प बात यह है कि महत्वपूर्ण न केवल वह समर्थन है जो हमें मिलता है, बल्कि वह समर्थन भी है जिसके बारे में हमारा मानना है कि वह उपलब्ध है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग महसूस करते हैं कि उनके पास एक विश्वसनीय सहायता प्रणाली है, चाहे वे सक्रिय रूप से इसका उपयोग करें या नहीं, उन्हें तनाव कम करने और बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त होने का अनुभव होता है। इससे समय के साथ विश्वास और मजबूत संबंध बनाने का महत्व उजागर होता है।

प्रौद्योगिकी ने सहायता देने और प्राप्त करने के तरीके में एक नई परत जोड़ी है। ऑनलाइन समुदायों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वर्चुअल काउंसलिंग सेवाओं ने दूरी पार करके जुड़ना आसान बना दिया है। हालांकि डिजिटल सहायता आमने-सामने की बातचीत को पूरी तरह से प्रतिस्थापित नहीं कर सकती, लेकिन यह विशेष रूप से अलगाव या संकट के समय में बहुमूल्य सहायता प्रदान कर सकती है। चुनौती यह सुनिश्चित करने में है कि ये संबंध सार्थक और प्रामाणिक बने रहें।

हालाँकि, समर्थन हमेशा सरल नहीं होता। सभी सहायताएं मददगार नहीं होतीं, और कभी-कभी अच्छी मंशा से किए गए कार्य भारी या दखल देने वाले लग सकते हैं। प्रभावी समर्थन के लिए सहानुभूति, सक्रिय श्रवण और व्यक्तिगत आवश्यकताओं की समझ आवश्यक है। जो चीज एक व्यक्ति की मदद करती है, वह दूसरे की मदद नहीं कर सकती। समर्थन का विज्ञान हमें याद दिलाता है कि मात्रा से अधिक गुणवत्ता मायने रखती है।

समर्थन की संस्कृति का निर्माण छोटे, सुसंगत कार्यों से शुरू होता है। बिना किसी निर्णय के सुनना, प्रोत्साहन देना और आवश्यकता के क्षणों में उपस्थित रहना, बहुत बड़ा अंतर ला सकता है। सामाजिक स्तर पर, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और सामुदायिक सेवाओं जैसी सहायता प्रणालियों में निवेश करने से ऐसे वातावरण का निर्माण होता है जहां व्यक्ति फल-फूल सकते हैं।

अंततः, समर्थन एक सामाजिक अनुग्रह से कहीं अधिक है; यह विज्ञान द्वारा समर्थित एक मौलिक मानवीय आवश्यकता है। यह हमारे मन को मजबूत करता है, हमारे शरीर की रक्षा करता है, और हमें एक दूसरे से जोड़ता है। ऐसी दुनिया में जो अक्सर स्वतंत्रता पर जोर देती है, समर्थन का विज्ञान एक शक्तिशाली अनुस्मारक प्रदान करता है: जब हम एक साथ खड़े होते हैं तो हम अधिक मजबूत, स्वस्थ और अधिक लचीले होते हैं।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाशास्त्री स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब

# श्रमिकों में असंतोष की आग!

**अराजकता की राह निश्चित रूप से लोकतंत्र में बाधक है, लेकिन सवाल है कि यह स्थिति क्यों और कैसे उत्पन्न हुई तथा इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सरकार और जिला प्रशासन की ओर से समय रहते श्रमिकों को भरोसे में लेकर समाधान खोजने के कारगर प्रयास क्यों नहीं किए गए?**



देश में हर नागरिक को शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। यह अपनी मांगों को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन के समक्ष रखने का एक तरीका हो सकता है। मगर उत्तर प्रदेश के नोएडा में सोमवार को अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे श्रमिकों का प्रदर्शन जिस तरह हिंसा और आगजनी में तब्दील हो गया, वह वास्तव में चिंताजनक है। कई इलाकों में यातायात ठप हो गया, वाहनों में तोड़फोड़ कर उन्हें आग के हवाले कर दिया गया और कुछ जगह पुलिस से झड़प के दौरान पत्थरबाजी भी गई।

अराजकता की राह निश्चित रूप से लोकतंत्र में बाधक है, लेकिन सवाल है कि यह स्थिति क्यों और कैसे उत्पन्न हुई तथा इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सरकार और जिला प्रशासन की ओर से समय रहते श्रमिकों को भरोसे में लेकर समाधान खोजने के कारगर प्रयास क्यों नहीं किए गए?

गौरतलब है कि गौतम बुद्ध नगर जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक बीते चार दिन से धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी प्रमुख मांगों में न्यूनतम वेतन की गारंटी, समय पर पूरा वेतन, अतिरिक्त समय में काम करने पर दोगुना भुगतान तथा असंगठित एवं घरों पर सामान पहुंचाने वाले श्रमिकों को भी सामाजिक एवं रोजगार सुरक्षा के दायरे में लाना शामिल हैं।

खबरों के मुताबिक, प्रदेश सरकार की ओर से इनमें से कुछ मांगों को लेकर सहमति व्यक्त की गई थी, लेकिन प्रदर्शनकारी श्रमिक इससे संतुष्ट नहीं थे। इसमें दोराय नहीं है कि आए दिन महंगाई जिस तरह से बढ़ रही है, उससे श्रमिक वर्ग के लिए परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में कम वेतन और उसका भी समय पर भुगतान न होने से उनकी दिक्कतें और बढ़ जाती हैं।

सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि श्रमिकों को न्यूनतम वेतन के भुगतान की व्यवस्था पूरी तरह लागू की जाए। साथ ही वक्त के साथ बढ़ती महंगाई के मद्देनजर कामगारों की बुनियादी जरूरतें और गरिमा के साथ जीने का अधिकार बाधित न हों। कारखानों के प्रबंधनों का भी यह दायित्व है कि वे श्रमिकों की वेतन वृद्धि समेत अन्य मांगों पर विचार करें और आपसी सहमति से समस्याओं को सुलझाने की दिशा में काम करे।

2 फरवरी को बिहार के औद्योगिक शहर बरौनी से विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत हुई और इसके बाद कम से कम कर्मचारियों द्वारा पांच जगहों पर विरोध प्रदर्शन किए गए।

# होर्मुज की अमेरिकी नाकेबंदी से नई जटिलता खड़ी होगी

**अफसोस की बात यह है कि पाकिस्तान के इस्लामाबाद में वार्ता के विफल होने के बाद बातचीत के जरिए शांति की संभावना तैयार करने के बजाय एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से टकराव की भाषा का सहारा लेना शुरू कर दिया है,**

करीब डेढ़ महीने बाद बहुत मुश्किल से पहले युद्धविराम और फिर शांति की राह तैयार करने के मकसद से ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता की गुंजाइश बनी थी। अतीत से लेकर वर्तमान तक दोनों देशों के बीच जैसे संबंध रहे हैं, उसमें अचानक ही सब कुछ पटरी पर आ जाने की बहुत ज्यादा उम्मीद तो नहीं थी, लेकिन कम से कम युद्ध रुकने और दीर्घकालिक हल निकालने के लिए संवाद कायम रखने की गुंजाइश जरूर बनी थी।

अफसोस की बात यह है कि पाकिस्तान के इस्लामाबाद में वार्ता के विफल होने के बाद बातचीत के जरिए शांति की संभावना तैयार करने के बजाय एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से टकराव की भाषा का सहारा लेना शुरू कर दिया है, तो दूसरी ओर ईरान ने भी अपने ऊपर होने वाले हमलों का जवाब देने की बात कही है।

इस बीच युद्धविराम लागू होने के बावजूद इजरायल ने लेबनान पर अपने हमले जारी रखे। ऐसी स्थिति में यह समझना मुश्किल नहीं है कि शांति प्रयासों के लिए होने वाली कवायदों और स्थायी हल निकालने की कोशिशों के सामने कैसी चुनौती खड़ी हो सकती है।

गौरतलब है कि ईरान के साथ वार्ता के विफल होने के बाद ट्रंप ने बेहद तल्ख जुबान में कहा कि ईरान होर्मुज जलमार्ग को खोल दे, नहीं तो अमेरिका समूचे इलाके की नाकेबंदी कर देगा। इसके जवाब में ईरान की ओर से कहा गया कि फारस की खाड़ी और ओमान सागर में सुरक्षा या तो सभी के लिए होगी या किसी के लिए भी नहीं।

ईरान का कहना है कि अगर उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई, तो इस क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। सवाल है कि अगर दोनों ही अपनी धमकियों पर अड़े रहते हैं, तो इसका हासिल क्या होगा। युद्ध को खत्म करने के लिए जहां नए रास्तों की तलाश की जानी चाहिए थी, वहीं पहली बैठक में मिली नाकामी के बाद दोनों ओर से हमलावर रुख का प्रदर्शन किया जा रहा है।

एक आशंका यह भी पैदा हो रही है कि एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने को लेकर अगर दोनों पक्षों की भाषा में नरमी नहीं आई, तो इसका असर युद्धविराम पर भी पड़ सकता है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि अगर होर्मुज जलमार्ग की नाकेबंदी को लेकर अमेरिका की धमकी वास्तव में अमल में आती है, तो आने वाले दिनों में वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट की वजह से हालात कैसे हो सकते हैं।

ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया हुआ है, लेकिन उसने कुछ देशों को वहां से गुजरने की इजाजत दी हुई है। कुछ अन्य देशों को भी छूट देने की बात चल रही थी। अब जहां कोशिश इस बात की होनी चाहिए थी कि होर्मुज जलमार्ग को खोलने सहित अन्य मुद्दों पर टकराव को खत्म करके स्थायी शांति का रास्ता तैयार किया जाए, वहां नए सिरे से टकराव का रास्ता अख्तियार किया जा रहा है।

अमेरिका की ओर से युद्ध में अपना पलड़ा भारी करने की जिद की कीमत बहुत बड़ी हो सकती है, जिसका खमियाजा वैसे देश ज्यादा उठाएंगे, जो तेल और गैस के लिए फिलहाल काफी हद तक खाड़ी देशों पर निर्भर हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि दुनिया भर के देशों में तेल और गैस का एक बड़ा हिस्सा होर्मुज जलमार्ग से होकर ही गुजरता है। इसके पूरी तरह बंद होने के बाद भारत सहित दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में संकट गहरा सकता है। इसके अलावा, अगर रूस और चीन भी इस संकट की जद में आते हैं, तो एक नई जटिलता खड़ी होगी।



# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप की प्राइजमनी 10 % बढ़ी आईसीसी ने टूर्नामेंट की कुल राशि 82 करोड़ तय की

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इनामी राशि का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि बढ़ाकर 82 करोड़ रु. की गई है, जो 2024 के मुकाबले 10% ज्यादा है। पिछली बार इनामी राशि 7.95 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) थी। जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले इस टूर्नामेंट में इस बार ज्यादा टीमें और ज्यादा मुकाबले देखने को मिलेंगे।




विजेता को मिलेंगे 21.8 करोड़ रुपए टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को 21.8 करोड़, उपविजेता को 10 करोड़ और सेमीफाइनल हारने वाली टीम को 6.29 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं हर ग्रुप मैच जीतने पर टीम को 29 लाख मिलेंगे।12 टीमों के बीच होंगे कुल 46 मुकाबले इस बार टूर्नामेंट का दायरा बढ़ाया गया है। अब तक विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में 10 टीमें हिस्सा लेती थीं, लेकिन इस बार 12 टीमें खेलेंगी। टीमों की संख्या बढ़ने से मैचों की संख्या में भी 50% का इजाफा हुआ है। ग्रुप स्टेज के मैच 20 से बढ़कर 30 हो गए हैं। पूरे टूर्नामेंट में नॉकआउट समेत कुल 46 मैच खेले जाएंगे।

इंग्लैंड की परिस्थितियों में होगा बड़ा चैलेंज अगला वर्ल्ड कप इंग्लैंड की मेजबानी में जून और जुलाई के बीच खेला जाना है। जून-जुलाई में इंग्लैंड का मौसम और पिचें तेज गेंदबाजों के साथ-साथ स्पिनर्स के लिए भी मददगार होती हैं।

भारतीय टीम के लिए यह टूर्नामेंट काफी अहम होगा क्योंकि टीम इंडिया अब तक एक बार भी महिला टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब नहीं जीत सकी है। 12 टीमें होने से मुकाबला और भी कड़ा होने की उम्मीद है।ब्रॉडकास्टिंग और रेवेन्यू बढ़ने का फायदा महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के कारण आईसीसी के रेवेन्यू में भी बढ़ोतरी हुई है। विमेंस क्रिकेट के ब्रॉडकास्टिंग राइट्स की वैल्यू बढ़ी है और स्टेडियम में दर्शकों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। इसी को देखते हुए आईसीसी लगातार टूर्नामेंट्स को बड़ा बना रहा है। 12 टीमों के इस फॉर्मेट से छोटे देशों की महिला क्रिकेट टीमों को भी ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

# भारत को विश्वकप जिताने वाले संजू सैमसन बने मार्च के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने मार्च महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के नाम का एलान कर दिया है। भारत को टी20 विश्वकप 2026 का खिताब दिलाने वाले संजू सैमसन को आईसीसी ने मार्च महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे। इसी वजह से उन्हें यह सम्मान मिला। वहीं, महिलाओं में न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर अमेलिया कर को मार्च महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया। उन्होंने इस साल मार्च में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था।




**अवॉर्ड पाने की खुशी**

आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे सैमसन ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतना मेरे लिए बेहद खास है, खासकर क्योंकि यह मेरे क्रिकेट करियर के सबसे यादगार दौर में मिला है। टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में योगदान देना एक सपना पूरा होने जैसा था और उस पल की अहमियत समझने में मुझे थोड़ा समय लगा।'

करियर का पहला आईसीसी अवॉर्डउन्होंने आगे कहा, 'यह भारतीय क्रिकेट के लिए रोमांचक समय है। टीम में काफी प्रतिभा है और मैं अपने साथियों और कोचिंग स्टाफ का आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका दिया।' यह पहला मौका है जब संजू सैमसन को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड मिला है। उनका यह प्रदर्शन दिखाता है कि मौके मिलने पर वह कितने बड़े मैच विनर साबित हो सकते हैं।लगातार बदले विजेता, इस बार चमके संजू

सैमसन के मार्च महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ बनने के साथ ही इस आईसीसी अवॉर्ड में पिछले पांच महीनों से हर बार अलग-अलग देशों के खिलाड़ी सम्मानित हो रहे हैं। इस लिस्ट में साइमन हार्मर (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया), डेरिल मिचेल (न्यूजीलैंड) और साहिबजादा फरहान (पाकिस्तान) जैसे नाम शामिल रहे हैं।

# प्रफुल्ल आईपीएल डेब्यू ओवर में 3 विकेट वाले पहले बॉलर

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 57 रन से हराया। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में रोचक मोमेंट्स और रिकॉर्ड्स देखने को मिले। आईपीएल डेब्यू में प्रफुल्ल हिंगे ने पहले ओवर में 3 विकेट लिए। वे ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज बने। वैभव सूर्यवंशी बिना खाता खोले आउट हुए। ईशान किशन के कैच के दौरान संदीप शर्मा और ध्रुव जुरेल टकरा गए।



**अभिषेक एक साल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट**

अभिषेक शर्मा एक साल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाज बने। वे इस साल 18 पारियों में 7 बार बिना खाता खोले लौटे। उन्होंने रोहित शर्मा (2018) और संजू सैमसन (2024) को पीछे छोड़ा, जो 32-32 पारियों में 6-6 बार शून्य पर आउट हुए थे।

**साकिब का आईपीएल डेब्यू में बेस्ट बॉलिंग फिगर**

साकिब हुसैन आईपीएल डेब्यू में बेस्ट बॉलिंग परफॉर्मेंस वाले प्लेयर बने। उन्होंने 24 रन देकर 4 विकेट लिए। साकिब ने अश्विनी कुमार का रिकॉर्ड तोड़ा। अश्विनी ने 2025 में चयक्र के खिलाफ 26 रन देकर 4 विकेट लिए थे। तीसरे नंबर पर प्रफुल हिंगे हैं। उन्होंने आज 34 रन देकर 4 विकेट लिए।

जोफ्रा आर्चर ने मैच की पहली गेंद पर विकेट लिया। उन्होंने अभिषेक शर्मा को आउट किया। अभिषेक बिना खाता खोले लौटे। इससे पहले 10 अप्रैल को आरसीबी के खिलाफ भी आर्चर ने पहली गेंद पर फिल सॉल्ट को आउट किया था। लगातार दूसरे मैच में उन्होंने यह कारनामा किया।

आईपीएल में पहली गेंद पर सबसे ज्यादा विकेट के मामले में मोहम्मद शमी 5 विकेट के साथ टॉप पर हैं। आर्चर 4 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। राजस्थान के लिए यह 24वीं बार रहा जब टीम ने बिना कोई रन दिए पहला विकेट लिया। यह ढ्क्क में किसी भी टीम के लिए सबसे ज्यादा है। वहीं, 12वीं बार ऐसा हुआ जब राजस्थान ने पारी की पहली ही गेंद पर विकेट लिया।

# पीसीबी ने मुजरबानी को 2 साल के लिए बैन किया, कहा- उनमें प्रोफेशनलिज्म नहीं

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर पाकिस्तान सुपर लीग ने 2 साल का बैन लगाया। उन्होंने क्क्रू फ्रेंचाइजी से करार होने के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने का फैसला किया था।



मुजरबानी को पीएसएल टीम इस्लामाबाद यूनाइटेड ने रिप्लेसमेंट प्लेयर के तौर पर साइन किया था। बाद में कोलकाता नाइट राइडर्स से ऑफर मिलने पर उन्होंने पीएसएल से नाम वापस ले लिया।

पीसीएल ने कहा कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट में पारदर्शिता और प्रोफेशनलिज्म जरूरी है। पहले से किए गए करार के रहते दूसरी लीग से जुड़ना नियमों के खिलाफ है। लीग के अनुसार, ऐसे मामलों को नजरअंदाज करने से फ्रेंचाइजी और हितधारकों का भरोसा कमजोर होता है। इसलिए 2 साल का बैन लगाया गया।

मुजरबानी ने आईपीएल में 2 मैच खेले हैं। उन्होंने ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 विकेट लिए हैं। इससे पहले वह टी20 वर्ल्ड कप में अपने प्रदर्शन से प्रभावित कर चुके हैं।

कॉर्बिन बॉश पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था मुजरबानी पहले खिलाड़ी नहीं हैं, जिनके खिलाफ एग्रीमेंट तोड़ने पर लीगल एक्शन हुआ है। पिछले साल साउथ अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश ने पाकिस्तानी लीग में पेशावर जालमी के साथ समझौता किया था।फिर बॉश एक चोटिल खिलाड़ी की जगह मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। उन्हें एक सीजन के लिए क्क्रू से प्रतिबंधित किया गया था। बॉश ने पाकिस्तानी बोर्ड से माफी मांगी थी और बोर्ड ने उनसे हर्जाने की मांग की थी।

रहमान की जगह केकेआर से जुड़े थे मुजरबानी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के रिप्लेसमेंट के रूप में अपने साथ जोड़ा था। रहमान को बीसीसीआई के निर्देश के बाद फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया था।

## व्यापार

### ईरान जंग का असर- खाने का तेल 7 प्रतिशत महंगा

# साबुन-बिस्किट के पैकेट छोटे हुए, वॉशिंग मशीन फ्रिज और एलईडी के दाम 15 प्रतिशत तक बढ़े

ईरान समेत पूरे पश्चिम एशिया में तनाव से जो हालात पैदा हुए हैं, उसके चलते आम भारतीयों का घरेलू खर्च बढ़ रहा है। रसोई से लेकर कपड़े और घरेलू उपकरणों तक, हर चीज या तो महंगी हो गई है या उनके दाम बढ़ने की आशंका गहरा रही है।



कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने एक साथ कई मोर्चों पर दबाव बनाया है। ईवाई इंडिया का विश्लेषण कहता है कि यह असर अगले दो साल तक बना रह सकता है। खाने के तेल के दाम 7% से ज्यादा बढ़ गए हैं। भारत जरूरत का 57% खाद्य तेल आयात करता है। इनमें पाम ऑयल, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल शामिल है।

इस बीच पैकेजिंग, ढुलाई और कच्चे माल की लागत बढ़ने से साबुन, पेस्ट, बिस्किट जैसे स्नस्स्ट्ल प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियां या तो दाम बढ़ाएंगी या पैकेट छोटे करेंगी। इसे 'श्रिंकफ्लेशन' कहा जाता है। पेंट, टेक्सटाइल और पर्सनल केयर कंपनियां भी लागत बढ़ने का हवाला देकर कीमतें बढ़ाने की तैयारी में हैं।

पश्चिम एशिया संकट पर ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत विफल होने से कच्चे तेल की आपूर्ति घटी है। इसके चलते सोमवार को क्रूड के दाम 8% से ज्यादा बढ़कर 104 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकल गए। इससे सर्फेक्टेंट और पेट्रोकेमिकल डेरिवेटिव की किल्लत हो गई। नतीजतन शैंपू, साबुन जैसे उत्पादों की आपूर्ति बाधित हुई है। ऐसे में कंपनियां दाम बढ़ाने से बचने के लिए इनके पैकेट छोटे कर रही हैं।

कंज्यूमर ड्यूरेबल्सः लागत 10-15% तक बढ़ गई घरेलू उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग लागत 10-15% तक बढ़ चुकी है। इसका 70% हिस्सा कंपनियां पहले ही ग्राहकों पर डाल चुकी हैं। वॉशिंग मशीन, फ्रिज, पंखे और एलईडी सब के दाम बढ़े हैं। अब भीषण गर्मी की आशंका से वोल्टास और ब्लू स्टार जैसी एसी कंपनियों के शेयर चढ़ने लगे हैं क्योंकि इनकी बिक्री तेजी से बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है।कपड़ा-पेंटः इस साल दाम 5% तक बढ़ सकते हैं क्रूड के दाम बढ़ने से प्लास्टिक की उत्पादन लागत करीब 50% बढ़ गई है। टेक्सटाइल सेक्टर में पॉलिएस्टर, नायलॉन और कलर-केमिकल्स 20-25% महंगे हो गए हैं। भारत के कपड़ा उत्पादन में 60% हिस्सा सिंथेटिक फाइबर का है। ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक, इसके चलते 1 अप्रैल से शुरू वित्त वर्ष 2026-27 में कपड़े और पेंट के दाम 2-5% तक बढ़ने की संभावना हैं।

# पश्चिम एशिया संकट का भारत पर गहरा असर 25 लाख लोगों के गरीबी में जाने का खतरा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे सैन्य संघर्ष का असर अब सीधे तौर पर भारतीय अर्थव्यवस्था और आम आदमी पर पड़ने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, इस संकट के कारण भारत में लगभग 25 लाख लोगों के गरीबी में धकेल दिए जाने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। 'मिलिट्री एस्केलेशन इन द मिडिल ईस्टः ह्यूमन डेवलपमेंट इम्पैक्ट्स अक्रॉस एशिया एंड द पैसिफिक' नामक इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यह भू-राजनीतिक तनाव पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास और आजीविका पर भारी दबाव डाल रहा है। रिपोर्ट के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोगों के गरीबी में गिरने का जोखिम है, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा दक्षिण एशिया का है। भारत के संदर्भ में, अनुमान है कि संकट के बाद देश की गरीबी दर 23.9 प्रतिशत से बढ़कर 24.2 प्रतिशत हो जाएगी, जिससे 24,64,698 अतिरिक्त लोग गरीबी के दायरे में आ जाएंगे। इसके अतिरिक्त, भारत को अपने मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) की प्रगति में भी लगभग 0.03 से 0.12 वर्ष का नुकसान उठाना पड़ सकता है।



भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है। देश अपनी कुल तेल जरूरतों का 90 प्रतिशत से अधिक आयात करता है, जिसमें से 40 प्रतिशत कच्चा तेल और 90 प्रतिशत एलपीजी (एलपीजी) अकेले पश्चिम एशिया से आता है। रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य संकट के कारण माल ढुलाई लागत और बीमा प्रीमियम में भारी वृद्धि हुई है, जिससे व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह बाधित हुई है। इसका सीधा असर भारत के 48 अरब डॉलर के गैर-तेल निर्यात पर पड़ रहा है, जिसमें बासमती चावल, चाय, रत्न और आभूषण तथा परिधान जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान के खिलाफ छेड़े गए युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरे संकट के बादल मंडरा रहे हैं, जिसके नकारात्मक प्रभाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक के प्रमुखों ने गंभीर चेतावनी जारी की है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने स्पष्ट किया है कि मध्य पूर्व में जारी इस संघर्ष के कारण संस्था द्वारा इस वर्ष के वैश्विक आर्थिक विकास के पूर्वानुमान में कटौती की जाएगी।

# गंभीर रोजगार संकट की चपेट में आई दुनिया, 1.2 अरब युवाओं के लिए सिर्फ 40 करोड़ नौकरियां

**नई दिल्ली।** भारत सहित विकासशील देशों में करीब 80 करोड़ नौकरियां कम होने का जोखिम बढ़ रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अनिश्चितताओं के बीच विश्व बैंक ने दुनिया में एक बड़े रोजगार संकट की चेतावनी दी है। विश्व बैंक प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि 1.2 अरब लोग कार्यबल का हिस्सा होंगे, लेकिन मौजूदा रफ्तार से केवल 40 करोड़ नौकरियां ही पैदा होंगी। ये वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है।




**युद्ध लंबा खिंचा तो बढ़ेगा संकट**

बंगा ने कहा, युद्ध लंबा चला तो बेरोजगारी बढ़ने का खतरा भी बढ़ता जाएगा। ऐसे में सरकारों और नीति-निर्माताओं को एक साथ कई चुनौतियों से निपटना होगा। युद्ध संकट और दीर्घकालिक विकास दोनों पर फोकस जरूरी है। उन्होंने रोजगार बढ़ाने के लिए विकासशील देशों में नीतिगत सुधारों पर जोर दिया। इसमें कारोबार शुरू करने में आसानी, श्रम कानूनों में सुधार, पारदर्शिता, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और बेहतर व्यापार व्यवस्था जैसे कदम शामिल हैं। एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, 2025 तक दुनिया भर में 11.7 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। यदि रोजगार के पर्याप्त मौके नहीं मिले तो अवैध प्रवासन जैसी समस्याएं और बढ़ सकती हैं। बुनियादी ढांचा, कृषि, पर्यटन और विनिर्माण में निवेश बढ़ाकर रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

# पेट्रोल 18 और डीजल 35 महंगा हो सकता है

## बंगाल सहित 5 राज्यों में चुनाव के बाद बढ़ सकते हैं दाम

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से पेट्रोल 18 और डीजल ?35 प्रति लीटर तक महंगा हो सकता है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मैक्वायरी की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रूड ऑयल महंगा होने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर हैं। इससे कंपनियों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद कंपनियां दाम बढ़ा सकती हैं।




**हर दिन 1,600 करोड़ का नुकसान झेल रहीं कंपनियां**

कच्चा तेल महंगा होने से कंपनियों को प्रति लीटर पेट्रोल पर 18 रुपए और डीजल पर 35 रुपए का घाटा हो रहा है। पिछले महीने के पीक पर ये तीनों कंपनियां हर दिन करीब 2,400 करोड़ रुपए का नुकसान झेल रही थीं। एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपए की कटौती के बाद यह घाटा घटकर 1,600 करोड़ रुपए रह गया है। हर 10 डॉलर के उछाल से नुकसान करीब 6 रुपए प्रति लीटर बढ़ जाता है।

**भारत 88% कच्चा तेल आयात करता है**

भारत अपनी जरूरत का लगभग 88% कच्चा तेल आयात करता है। इसमें से 45% मिडिल ईस्ट और 35% रूस से आता है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें न केवल तेल कंपनियों, बल्कि देश के चालू खाता घाटे (ष्टष्ठ) के लिए भी खतरा हैं। अनुमान है कि 2026 की पहली तिमाही में यह घाटा बढ़कर 20 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

**9 साल में एक्साइज ड्यूटी 22% से 8% हुई**

सरकारी राजस्व में तेल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी का योगदान लगातार कम हो रहा है। वित्त वर्ष 2017 में यह 22% था, जो अब घटकर सिर्फ 8% रह गया है। अगर सरकार पूरी एक्साइज ड्यूटी हटा भी दे, तो भी मौजूदा कीमतों पर तेल कंपनियों का घाटा पूरी तरह खत्म नहीं होगा।



# सीएम ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के मौके पर अंबेडकर सर्किल स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब को सामाजिक न्याय, भेदभाव उन्मूलन और वंचितों, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के लिए बराबरी के अधिकारों का अग्रदूत बताते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# राज्यपाल को 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ राजस्थान' पुस्तक भेंट की



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजभवन में राज्यपाल हरीभाऊ किशनराव बागड़े को प्रेमलता पोखरना द्वारा लिखी गई पुस्तक 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ राजस्थान' की प्रति भेंट की गई। राज्यपाल ने पुस्तक का अवलोकन कर प्रति पर अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं व हस्ताक्षर कर इसकी सराहना की। भेंट के दौरान राज्यपाल को प्रेमलता पोखरना ने पुस्तक की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही राज्यपाल को राजस्थान से महाराष्ट्र के प्राचीन संबंधों से अवगत कराते हुए बताया कि बागड़, बगड़ावत, बागड़ी आदि राजस्थान में प्रसिद्ध है। दैनिक जलतेदीप और माणक पत्रिका के प्रबंध संपादक दीपक मेहता ने राजस्थानी पत्रिका माणक भेंट करते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय में राजस्थानी भाषा और संस्कृति विभाग शुरू करने की मांग की, साथ ही हाल ही में हुए इस सम्बंध में छात्रों के आंदोलन की जानकारी भी दी। इव मौके प्रेमलता पोखरना के साथ, अनिरुद्ध सिंह राठौड़, दीपक मेहता, डॉ. यूएस पोखरना, मीनल पोखरना एवं फतेह पोखरना भी मौजूद रहे।

पुरतक के बारे में :-यह पुस्तक राजस्थान के प्रारंभिक इतिहास को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। इसमें गुप्त काल से पहले, गुप्त काल और उसके बाद के समय का विस्तृत अध्ययन किया गया है। इसमें विभिन्न राजपूत राजवंशों के उत्थान, विस्तार तथा बाहरी आक्रमणों विशेष रूप से हूण, पर्सियन और शक जनजातियों के भारत पर प्रभाव का विश्लेषण किया है। पुस्तक में शिलालेख, सिक्कों (मुद्राशास्त्र) और साहित्यिक स्रोतों के आधार पर घटनाओं को क्रमबद्ध तरीके से समझाया गया है। साथ ही, उस समय की सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक परिस्थितियों पर भी प्रकाश डाला गया है।

इस पुस्तक की लेखिका प्रेम लता पोखरना एक जानी-मानी मुद्रा विशेषज्ञ (न्यूमिस्मैटिस्ट) और इतिहासकार हैं। उन्होंने राजस्थान सरकार के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग में कार्य करते हुए मुद्रा विज्ञान और इतिहास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके शोध कार्य कई प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने 'Coins and Coin Hoards of Rajasthan' और 'Coins of North India' एवं 'Punchmark coins of Rajasthan' जैसी महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखीं, जिनमें प्राचीन सिक्कों और उनके इतिहास का विस्तृत अध्ययन किया गया है। उनकी पुस्तकों को विश्वविद्यालय स्तर पर, विशेषकर मुंबई और दिल्ली विश्वविद्यालय में, संदर्भ ग्रंथ के रूप में भी मान्यता मिली है। उन्हें भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद और संस्कृति विभाग द्वारा वरिष्ठ फेलोशिप से सम्मानित किया गया। साथ ही, उन्हें 2005 में रॉयल न्यूमिस्मैटिक सोसायटी, लंदन की फेलोशिप और 2007 में महाराणा कुम्भा पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

# मुख्यमंत्री की बैठक के बाद एक्शनः राजधानी की ट्रैफिक पुलिस में फेरबदल, अब हर जिले में एक-एक एडिशनल डीसीपी और दो-दो एसीपी लगाए

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजधानी में बढ़ रहे जाम और बिगड़ते यातायात पर सीएम भजनलाल शर्मा की सख्ती के ट्रैफिक पुलिस में बड़ा बदलाव किया गया। चारों जिलों में अब 1-1 एडीसीपी और 2-2 एसीपी लगाए गए। बता दें कि हाल ही में कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर की शादी में जाने के दौरान सीकर रोड पर डीजीपी राजीव शर्मा डेढ़ घंटे तक जाम में फंसे रहे थे।

### जाम बना वजह, कार्रवाई भी, अफसरों की नई पोस्टिंग भी

अब यातायात शाखा में एडिशनल कमिश्नर 1, डीसीपी 1, एडिशनल डीसीपी 4, एसीपी 8 और 15 इंस्पेक्टर लगाए गए हैं। गृह विभाग ने आदेश जारी कर हरि प्रसाद सोमानी को एडीसीपी नॉर्थ, समीर कुमार को वेस्ट व डॉ. हेमंत कुमार जाखड़ को ईस्ट में लगाया है। ईस्ट में रानू शर्मा पहले से तैनात हैं। एडीसीपी सरिता बड़गुर्जर को ट्रैफिक से हटाकर नॉर्थ जिले में हैडक्वार्टर पर लगाया। डीएसपी राजेन्द्र कुमार रावत को एसीपी नॉर्थ, कमल नयन मोयल को नॉर्थ सेकंड, रोहित चावला को वेस्ट, राजकुमार मीणा को वेस्ट सेकंड, प्रेम कुमार को साउथ सेकंड और मुकेश चौधरी को ईस्ट सेकंड लगाया है। एसीपी किशोर भदौरिया ट्रैफिक से हटाकर आरपीए भेज दिया।

### हर जिले में 5-5 इंस्पेक्टर

इंस्पेक्टरों की संख्या 15 से बढ़ाकर 20 की। अब सभी में जिलों में 5-5 लगेंगे। 72 ट्रैफिक बीट बनाई, ताकि बीट स्तर पर मॉनिटरिंग हो सके। ट्रैफिक इंस्पेक्टरों को विशेष डिजाइन 20 बाइक दी जाएंगी। ट्रैफिक व जाम के आकलन निगरानी ड्रोन से होगी। इंस्पेक्टर्स की वर्दी भी बदलेगी।

# निजी हॉस्पिटल निदेशक की गिरफ्तारी के विरोध में उतरे डॉक्टर्स, ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं रही बंद

### प्राइवेट अस्पतालों में 24 घंटे के लिए हड़ताल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर के निविक हॉस्पिटल के निदेशक की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएसए) (राजस्थान) के आह्वान पर डॉक्टर्स ने विरोध जताया। इसका असर निजी अस्पतालों की ओपीडी सेवाओं पर दिखा।

सुबह से जयपुर के तमाम निजी अस्पतालों में डॉक्टर ओपीडी चैंबर में नहीं बैठे और नए मरीजों को नहीं देखा। हालांकि भर्ती (आईपीडी) मरीजों को डॉक्टरों ने संभाला। सी.के. बिरला, साकेत, फोर्टिस समेत बड़े-छोटे सभी निजी अस्पतालों में यह असर दिखा। इसके अलावा कोटा, अलवर और उदयपुर सहित प्रदेश के प्राइवेट अस्पतालों में आईएमए के बैनर तले निजी अस्पतालों में 24 घंटे के लिए हड़ताल कर दी गई है। इमरजेंसी सेवाएं भी बंद रखी गई। जिसे देखते हुए सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था मुस्तैद की गई है। सबसे बडी बात यह है कि निजी अस्पतालों ने ओपीडी के साथ साथ इस बार इमरजेंसी सेवाएं तक बंद रखने का ऐलान किया गया है। मंगलवार सुबह से ज्यादातर अस्पतालों में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि कुछ अस्पतालों में मरीज ओपीडी में पहुंचे भी लेकिन वहां उन्हें पर्चे चिपके नजर आए जिसमें ओपीडी सेवाएं एक दिन के लिए बंद होने की जानकारी मिली। लोग पूछताछ काउंटर पर जानकारी लेते भी नजर आए। इलाज नहीं मिलने पर सरकारी अस्पतालों की तरफ रूख किया। कोटा के हार्ट सर्जन डॉ.पलकेश ने बताया कि डॉक्टर की गिरफ्तारी गलत तरीके से की गई है। ये सांकेतिक हड़ताल है, आगे भी डॉक्टर्स आंदोलन करेंगे।




# बच्चे ही भारत का भविष्य, भारत और मानवता का निर्माण यहीं से ही हो सकता है : कर्नल राठौड़



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मंगलवार 14 अप्रैल को पूरे प्रदेश में उत्साह के साथ मनाई गई। आंबेडकर जयंती के अवसर पर झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत करणसर में आयोजित एक कार्यक्रम में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शिरकत की। कार्यक्रम में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बाबा साहब की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने करणसर ग्राम पंचायत में बाबा साहब आंबेडकर चौक के लिए विधायक कोष से हाईमस्ट लाइट लगवाने की घोषणा भी की। जिसका सभा में मौजूद लोगों ने उत्साह से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सेना के दिनों को याद करते हुए मध्यप्रदेश के महू का जिक्र किया, जो बाबा साहब की जन्मस्थली है। बाबा साहब के पिताजी सेना में सूबेदार थे। भारत की सेना में 'जब सब एक वर्दी पहन लेते हैं तो सब बराबर हो जाते हैं। एकरूपता की यही सबसे बड़ी विशेषता है सेना की।' उन्होंने बताया कि सेना में सभी एक समान होते हैं, एक वर्दी - एक पहचान, यही वास्तविक समानता का प्रतीक है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि बाबा साहब ने अपने संघर्षों से निकलकर पूरे समाज के लिए काम किया। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया जो हर वर्ग को समान अवसर देता है। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी भी कर रहे हैं, वे महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के प्रबल पक्षधर हैं। मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों का उल्लेख भी किया, जिसमें 33 प्रतिशत आरक्षण जैसे कदम शामिल हैं। इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने हाल ही में आरएएस बने अभिषेक मीणा का सम्मान किया। राठौड़ ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में आए नए अधिकारियों पर समाज निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है।

# गाड़ी को लेकर हुआ विवाद, युवक की मौत

**जयपुर।** जयपुर शहर में गाड़ी को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर घायल हो गया। घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना शिवाजी नगर कालवाड़ इलाके की है। हमले में विनोद योगी की मौत हुई है। हॉस्पिटल में परिजनों ने कोहराम मचा दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# निकाय-पंचायत चुनाव नहीं होने पर राष्ट्रपति-राज्यपाल हस्तक्षेप करें: अशोक गहलोत

### बीजेपी अंबेडकर के सिद्धांतों की धज्जियां उड़ा रही है, लोकतंत्र कमजोर हो रहा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने स्थानीय निकाय और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव समय पर नहीं करवाने के मामले में राष्ट्रपति और राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की मांग की है। गहलोत ने कहा राजस्थान की बीजेपी सरकार जानबूझकर पंचायतीराज और शहरी निकायों के चुनाव नहीं करवा रही है।

यह अंबेडकर के उसूलों के खिलाफ है,संवैधनिक संकट से कम नहीं है। इसमें राष्ट्रपति और राज्यपाल दोनों को हस्तक्षेप करना चाहिए था। गहलोत जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

आज पंचायत चुनाव नहीं करवा रहे, नगर निकाय चुनाव नहीं करवा रहे, ये तो अंबेडकर साहब के संविधान का पार्ट है। अगर उनमें विश्वास होता तो आज पंचायत चुनाव भी होते, नगर निकायों के चुनाव भी होते और तो और को-ऑपरेटिव के चुनाव भी होते, जो करीब 10 साल से नहीं हो रहे हैं।



### ये संस्थाओं को बर्बाद क्यों कर रहे हैं?

गहलोत ने कहा- ये तमाम जो संस्थाएं हैं,इनको बर्बाद क्यों कर रहे हैं? जब सुप्रीम कोर्ट कह चुका, हाईकोर्ट कह चुका है, चुनाव आपको करवाने पड़ेंगे, अप्रैल की तारीख तक दे दी। तब भी नहीं करवाए। ये तो संविधान का ही ब्रेकडाउन टाइप है।

### सत्ता में बैठे लोगों की कथनी करनी में अंतर

बाबा साहेब अंबेडकर का संविधान निर्माण में जो योगदान है वो तो इतिहास में दर्ज हो गया है। अब जो लोग अंबेडकर के उसूलों में विश्वास नहीं करते थे, वो आज सत्ता में हैं और उनकी जयंती मना रहे हैं। उनका संविधान में विश्वास नहीं हैं। संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। राहुल गांधी रोज कहते हैं, संविधान बचाओ, वो क्यों कहते हैं? क्योंकि संविधान की धज्जियां उड़ रही हैं, लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। आज जो कुछ देश में हालात बन गए हैं, ज्यूडिशियरी में भी, एजेंसियों में भी, पूरे देश में बहुत बड़ी स्थिति अजीब बन गई है। फिर भी 14 अप्रैल को अम्बेडकर साहब की जयंती सब मनाते हैं, मनाएंगे भी। उनकी कथनी और करनी में अंतर है।

# जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट और यात्रियों की संख्या में गिरावट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजधानी जयपुर का एयरपोर्ट अब देश के अन्य प्रमुख हवाई अड्डों की तुलना में काफी पीछे छूटता नजर आ रहा है। एक समय तेजी से बढ़ते एयर ट्रैफिक और यात्री संख्या के लिए पहचान बना चुका जयपुर एयरपोर्ट आज लखनऊ और गुवाहाटी जैसे शहरों से भी पिछड़ गया है, जो राजस्थान की पर्यटन और आर्थिक प्रगति के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। हालिया आंकड़ों के मुताबिक, जयपुर एयरपोर्ट पर वर्तमान में हर सप्ताह औसतन 377 उड़ानें संचालित हो रही हैं। वहीं लखनऊ एयरपोर्ट इस मामले में आगे निकलते हुए करीब 408 साप्ताहिक फ्लाइट्स संभाल रहा है, जबकि गुवाहाटी एयरपोर्ट 414 फ्लाइट्स के साथ और भी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इतना ही नहीं, भुवनेश्वर एयरपोर्ट भी 325 फ्लाइट्स के साथ तेजी से जयपुर के करीब पहुंच गया है, जिससे प्रतिस्पर्धा और कड़ी होती जा रही है।

# भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन 9 मई से कराएगी प्रमुख तीर्थों के दर्शन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर सहित कई स्टेशनों से यात्रियों के लिए 9 मई से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन शुरू होने जा रही है। यह विशेष ट्रेन 11 दिनों में देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराएगी, जिससे श्रद्धालुओं को एक ही यात्रा में कई तीर्थों के दर्शन करने का अवसर मिलेगा।

दरअसल, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन 9 मई से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन शुरू कर रहा है। यह ट्रेन श्रीगंगानगर से रवाना होकर अलग-अलग स्टेशनों से यात्रियों को लेकर 11 दिन में देश के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों तक जाएगी। 19 मई को यात्रा पूरी होगी। ट्रेन का रूट श्री गंगानगर से शुरू होकर हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, रिंगस, जयपुर, भरतपुर, मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, झांसी और कानपुर रहेगा।

आईआरसीटीसी जयपुर के अपर महाप्रबंधक योगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि श्रद्धालुओं की मांग को देखते हुए इस ट्रेन को प्लान किया गया है, ताकि एक ही पैकेज में कई बड़े धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जा सकें। उन्होंने बताया कि ट्रेन में थर्ड एसी कोच, किचन कार और बायो टॉयलेट जैसी सुविधाएं होंगी। यात्रियों के लिए स्टैंडर्ड और कंफर्ट दो कैटेगरी रखी गई हैं, ताकि बजट के अनुसार विकल्प मिल सके।




### एक ही यात्रा में कई बड़े धार्मिक स्थल

इस यात्रा में पुरी का जगन्नाथ धाम, कोणार्क का सूर्य मंदिर, गंगासागर तीर्थ, कोलकाता का काली घाट मंदिर, जसीडीह स्थित बाबा बाबा बैद्यनाथ धाम, गया के महाबोधि मंदिर और विष्णुपद मंदिर, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती, साथ ही अयोध्या में रामलला मंदिर और हनुमानगढ़ी के दर्शन शामिल हैं। अलग-अलग राज्यों के इन प्रमुख तीर्थों को एक ही रूट में कवर किया गया है।

### कितना रहेगा किराया, क्या मिलेंगी सुविधाएं

क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश सैनी ने बताया कि स्टैंडर्ड कैटेगरी का किराया 27,890 रुपए रखा गया है, जिसमें एसी ट्रेन यात्रा, ठहरने के लिए नॉन-एसी होटल और लोकल ट्रांसपोर्ट के लिए नॉन-एसी बसें शामिल हैं। कंफर्ट कैटेगरी का किराया 32,065 रुपए है, जिसमें एसी होटल और एसी बस सुविधा दी जाएगी। पैकेज में कन्फर्म बर्थ, होटल में ठहरना, ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर, पेयजल और लोकल ट्रांसपोर्ट शामिल रहेगा। यात्रियों को इंश्योरेंस कवर भी मिलेगा।

# संविधान विरोधी भाजपा सरकार में लोकतंत्र खतरे में, बाबा साहेब के आदर्शों पर हो रहे प्रहार: टीकाराम जूली



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंगलवार को संविधान शिल्पी, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जयपुर स्थित अंबेडकर सर्किल पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए जूली ने प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार पर संविधान की अवहेलना और लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया।

श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात जूली ने कहा कि बाबासाहेब ने देश को विश्व का सबसे खूबसूरत और मजबूत संविधान दिया है, जिसकी बदौलत आज हमारा लोकतंत्र जीवित है। उन्होंने बाबा साहेब के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने दलितों, पिछड़ों और महिलाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने तुलना करते हुए बताया कि अमेरिका जैसे विकसित देश में महिलाओं को समानता का अधिकार पाने में 100 साल लग गए, जबकि भारत में संविधान लागू होते ही महिलाओं को कानूनन बराबरी का हक मिला।

राजस्थान की स्थिति को विकट बताते हुए जूली ने कहा कि प्रदेश में पंचायती राज और नगर निकाय के चुनाव समय पर नहीं कराना सीधे तौर पर संविधान पर हमला है। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान में लिखित प्रावधानों को मानने को तैयार नहीं है। ताज्जुब की बात है कि सरकार इन चुनावों को आगे खिसकाने के लिए कोर्ट गई है और एक साल का समय मांग रही है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेशों के बावजूद सरकार का यह ढुलमुल रवैया संवैधानिक संस्थाओं का अपमान है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।


जूली ने कड़े शब्दों में कहा कि भाजपा का बाबासाहेब के प्रति सम्मान मात्र एक ढोंग है। उन्होंने कहा कि भाजपा का बाबासाहेब की विचारधारा से कभी कोई सरोकार नहीं रहा, लेकिन लोकतंत्र में वोटों की गिनती के कारण वे आज सम्मान का दिखावा करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के मन में गरीबों और पिछड़ों के प्रति कोई जगह नहीं है, जिसका प्रमाण कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई गई जनहितकारी योजनाओं को बंद करना है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार अन्नपूर्णा राशन किट और मनरेगा जैसी योजनाओं को खत्म करने पर तुली है। गरीबों की पेंशन में देरी की जा रही है और आरक्षण को सही ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने रोस्टर रजिस्टर की पालना न होने और लंबित भर्तियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार की मंशा युवाओं को रोजगार देने या सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की कतई नहीं है। भाजपा केवल सत्ता के मोह में बाबासाहेब के नाम का सहारा ले रही है, जबकि धरातल पर उनकी नीतियों के विपरीत काम कर रही है।

केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, संविधान पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग, सीबीआई और चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र एजेंसियों का राजनीतिक स्वार्थ के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। जूली ने कहा कि आज देश में ऐसा माहौल बना दिया गया है जहाँ संवैधानिक मर्यादाओं को ताक पर रख दिया गया है।

# प्रभु की लीला यानी नरलीला

हम रामलीला के बारे में बहुत कुछ जानते, सुनते, देखते हैं। इसी प्रकार श्री कृष्ण लीला या रासलीला होती है मगर यह कोई नहीं जानता कि लीला केवल खेल होता है। रावण जब सीता मैया को हरण करके ले गया और पुरुषोत्तम श्री राम ने जिस प्रकार उनके वियोग में पीड़ा दर्शाई वह केवल भगवान की नर लीला थी। लीला का अर्थ संस्कृत में 'खेल', 'दिव्य अभिनय' या 'क्रीड़ा' है। हिंदू धर्म में, यह भगवान की रहस्यमयी और स्वतंत्र इच्छा से की गतिविधियों को दर्शाता है, जो ज्ञान और आनंद के लिए की जाती हैं। जैसे- रासलीला, रामलीला। इसके अर्थ कौतुक, मनोरंजन या स्वाभाविक क्रिया भी होते हैं। लीला के प्रमुख उदाहरण श्रीकृष्ण की लीलाएं हैं।? माखन चुराना, रास रचाना, या कालिया नाग दमन जैसी घटनाएं, जो भक्तों को आनंद देने के लिए की गईं। रामलीला भगवान राम के जीवन की घटनाओं का अभिनय है। ब्रह्मांडीय लीला संपूर्ण सृष्टि को ईश्वर का एक खेल मानना। लीला के पर्यायवाची शब्द खेल क्रीड़ा, केलि, नाटक, अभिनय, चेष्टा, कौतुक हैं । लीला ईश्वर और भक्त के बीच संबंध स्थापित करती है, जो केवल तार्किक बुद्धि से नहीं, बल्कि प्रेम से समझी जाती है। ये लीलाएं वास्तविक घटनाओं पर आधारित होती हैं, लेकिन वे माया या दिव्य खेल की तरह हैं, जिनका कोई बाहरी उद्देश्य नहीं होता। उद्देश्य सिर्फ आनंद, भक्तों का उद्धार और ज्ञान देना होता है। दर्शन के अनुसार, पूरा ब्रह्मांड ही भगवान की लीला है। यह खेल जैसा है, जिसमें हम सब पात्र हैं। संक्षेप में लीला = क्रीड़ा , लेकिन आध्यात्मिक रूप से भगवान का दिव्य खेल। नाम के रूप में लीला का मतलब। लीला का अर्थ हैः दिव्य क्रीड़ा, मनोरंजन, हर्ष, सुंदरता, कृपा।? कभी-कभी 'ईश्वर की रचना' या 'खेल' के रूप में भी लिया जाता है। यह नाम संस्कृत मूल का है और हिंदू संस्कृति में बहुत प्यारा और आध्यात्मिक माना जाता है।



एसके मंगल



## जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 1223वें दिन भी जारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कोटपूतली क्षेत्र में जोधपुरा (मोहनपुरा) स्थित धरना स्थल पर जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 1223वें दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें गांव के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान समिति के संरक्षक प्रभुदयाल (गुरू) ने भीमराव रामजी अंबेडकर की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं समिति के सचिव कैलाश यादव ने कहा कि सीमेन्ट प्लांट के खिलाफ चल रहा यह संघर्ष संविधान की देन है। उन्होंने कहा कि यदि बाबा साहेब का संविधान नहीं होता, तो आज वे इस तरह शांतिपूर्वक अपना आंदोलन नहीं कर पाते।

कार्यक्रम में गांव के बालक केशव नारवाल ने बाबा साहेब पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। धरना स्थल पर समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिनमें सचिव कैलाश यादव, उपाध्यक्ष सतपाल यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और महिलाएं शामिल रहीं। इस अवसर पर सभी ने भीमराव रामजी अंबेडकर के विचारों को अपनाने और संविधान की रक्षा के लिए संकल्प भी लिया।



## सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर मनाई खुशी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बिहार में भाजपा नेता सम्राट चैधरी के मुख्यमंत्री बनने की खबर से कोटपूतली में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने शहर के मुख्य चैराहे पर एकत्रित होकर जोरदार जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने पटाखे चलाकर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन महेंद्र सैनी, भाजपा नेता शंकरलाल कसाना, पूर्व महामंत्री गोपाल मोरिजावाला, नगर मंडल अध्यक्ष अरुण सैनी सहित शशि मित्तल, कैलाश सैनी और राकेश सैनी सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह पाटज़ के लिए गर्व की बात है और सम्राट चैधरी के नेतृत्व में बिहार में विकास को नई दिशा है।




## 190 पेटी अवैध शराब जब्त एक व्यक्ति गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कोटपुतली-बहरोड़ जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना बहरोड़ ने बड़ी कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस दौरान एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। यह कार्यवाही जयपुर रेंज के महानिरीक्षक राहुल प्रकाश एवं जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के निर्देशों पर की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराणा सुरेश कुमार खींची के निर्देशन तथा पुलिस उप अधीक्षक बहरोड़ सचिन शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी पल्लवी गुप्ता के नेतृत्व में एएसआई अमरसिंह, कांस्टेबल रजन्त, मनोज कुमार, धर्मवीर की विशेष टीम गठित की गई।

मुखबिर की सूचना पर की गई कार्यवाही-13 अप्रैल को पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान नेशनल हाईवे-48 पर पहुंची। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुक्ता सिनेमा के सामने ट्रक यूनियन के पास एक दुकान में अवैध शराब का भंडारण किया गया है। सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति मिला जिसने अपना नाम जगत सिंह पुत्र बनवारी लाल गुर्जर निवासी नांगल चेचीका बताया जिसे गिरफ्तार कर लिया। उससे शराब रखने का लाइसेंस मांगा गया, तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया।

190 पेटी शराब बरामद-दुकान की तलाशी लेने पर कुल 190 पेटी विभिन्न प्रकार की अवैध देशी व अंग्रेजी शराब बरामद हुई।



## अंबेडकर जयंती पर युवाओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कांग्रेस एससी विभाग के जिलाध्यक्ष, पूर्व पार्षद व कांग्रेस नेता तारा पूतली के नेतृत्व में मंगलवार को संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल एवं आशीर्वाद ब्लड बैंक में युवाओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। इस मौके पर नीरज आर्य, गुलशन सैन, नरेंद्र खाड़िया, यश सोनी, रामू सैनी, अशोक सैनी, कुलदीप कुमावत एवं सोनू यादव ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान डॉ. मुकेश रांगेरा, डॉ. मंजू मौर्य, डॉ. जयदयाल वर्मा, उमेश वर्मा, रमेश सैनी, सुरेन्द्र यादव, मुकेश यादव, देशराज आर्य, भूपसिंह पूतली, नवीन आर्य, आशीष खेड़ा, अशोक सैनी, नीर बामनवास, रोहित बामनवास, सोनू जांगिड़, कुलदीप जाट, लोकेश आर्य, सुभाष, गिरवर, माही गुर्जर, उमेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहें।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की, संविधान की प्रस्तावना का किया वाचन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता, जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण की उपस्थिति में अधिकारियों एवं कार्मिकों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों एवं देश निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर सहित उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने किया जिले की मेधावी छात्रा का सम्मान-इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार से जिला राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रदेश में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावासों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही विभाग की सामाजिक सुरक्षा योजना और पालनहार योजना के तहत राशि का सीधे लाभार्थियों के खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया, जिसमे कोटपूतली-बहरोड़ के राजनौता की मेधावी छात्रा दिव्या मीणा को 12वीं कक्षा (विज्ञान संकाय) में अनुसूचित जन जाति वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के फलस्वरूप राज्य स्तरीय अम्बेडकर शिक्षा पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया जिसके तहत प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार राशि प्रदान की गई। जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज के भारत में सामाजिक समानता, संवैधानिक नैतिकता, और समावेशी विकास के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उनके समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांत जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करने, महिला सशक्तिकरण, श्रमिक अधिकारों और लोकतंत्र की मजबूती के लिए मार्गदर्शक बने हुए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने लोकतंत्र को केवल शासन का रूप नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका माना था। उन्होंने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का नारा देकर शोषितों में आत्मविष्वास और आत्म-गौरव जगाया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे बड़ा हथियार मानते थे। आत्म-विकास और तार्किक सोच के लिए शिक्षा अनिवार्य है। इस दौरान एसडीएम कोटपूतली जगदीश प्रसाद, आयुक्त नगर परिषद अरुण शर्मा, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, समाज कल्याण अधिकारी विपिन, एसई पीएचईडी रामनिवास यादव, जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद मीणा, उप निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी सुनील मीणा, एमई खनन अमीचंद दुहारिया, वन विभाग से सतपाल ढिलान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 726वीं सैन जयंती पर प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान, शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** कोटपूतली स्थित मोरिजावाला धर्मशाला में 14 अप्रैल को 726वीं सैन जयंती एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सैन जयंती कार्यकारिणी, बारबर यूनियन कोटपूतली एवं राष्ट्रीय नाई महासभा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक सैन सरणा (अध्यक्ष, राष्ट्रीय नाई महासभा) एवं विशिष्ट अतिथि रामसिंह यादव उपस्थित रहे। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 50 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एवं डॉक्यूमेंट फाइल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संपूर्ण व्यय, जिसमें भोजन प्रसादी भी शामिल रही, भामाशाह एड. बृजराज सैन एवं एड. देशराज सैन (रघुनाथपुरा) द्वारा वहन किया गया। महिला कार्मिकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जहां उन्हें शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। मंच संचालन दीपक सैन एवं अशोक आर्य द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य सदस्य, शिक्षाविद, अधिवक्ता एवं महिला कार्मिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने एवं सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश भी दिया।

## ठेका प्रथा बंद कराने की मांग को लेकर सफाईकर्मियों का आन्दोलन स्थगित



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** प्रदेश में ठेका प्रथा बंद कराने की मांग को लेकर सफाईकर्मियों द्वारा जिले की नगर परिषद व नगर पालिकाओं में काफी दिनों से हड़ताल की जा रही हैं एवं धरना देकर जल्द से जल्द ठेका प्रथा को बंद करने की मांग की जा रही हैं। लेकिन राज्य सरकार की ओर से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इसी के विरोध में वाल्मीकि सेना द्वारा जिला कलक्टर कार्यालय का घेराव किया गया। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर के नेतृत्व में कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं ने सफाई कर्मचारियों की समस्याओं व ठेकेदार द्वारा उनको समय पर भुगतान नहीं दिये जाने, जिला मुख्यालय की बिजली-पानी, सफाई और कानून व्यवस्था ठप होने को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्षन किया। इससे पूर्व सैकड़ों की संख्या में सफाई कर्मचारी वाल्मीकि भवन बड़ाबास से पैदल मार्च करते हुये जिला कलक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां मौजूद भारी पुलिस जाप्ते ने आंदोलनकारियों को अंदर नहीं जाने दिया तो आंदोलनकारी जिलाध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट के गेट पर ही धरने पर बैठ गये। बाद में आंदोलनकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर के नेतृत्व में जिला कलक्टर से वार्ता के लिये पहुंचा और सफाई कर्मचारियों की समस्याओ से अवगत करवाया। जिलाध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर ने ठेकेदारों द्वारा सफाई कर्मचारियों का शोषण करने, समय पर पूरा भुगतान नहीं देने, शहर में जगह-जगह लगे कचरे के ढ़ेर, नालियों से निकाला गया मलबा जस का तस पड़ा होने व शहर में दुर्गंध व गंदगी होने आदि समस्याओं से जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता को अवगत करवाया। गुर्जर ने कहा कि जिले की नगर परिषद व नगरपालिकाओं में ठेकेदारों द्वारा ठेके व संविदा पर कार्यरत सफाईकर्मियों को समय पर व समान वेतन, साप्ताहिक अवकाश नहीं दिया जा रहा हैं एवं पीएफ समय पर जमा नहीं करवाया जा रहा।

जिले में लगभग एक सप्ताह से सफाईकमज़ निरन्तर आन्दोलनरत हैं और धरना दे रहे हैं। सफाईकर्मियों का आरोप हैं कि ठेकेदार द्वारा उन्हें नियमानुसार उचित भुगतान नहीं दिया जाता एवं जो वेतन दिया जाता हैं वह भी कई माह रोक कर तय मानकों से कम वेतन दिया जाता हैं। जिससे उनका जीवनयापन नहीं हो पाता।

## अम्बेडकर जयन्ती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** स्थानीय नगर परिषद पार्क में मंगलवार को डॉ. अम्बेडकर विचार मंच एवं मेघवाल विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक हंसराज पटेल ने बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पटेल ने कहा कि बाबा साहब का संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक रहा है। उन्होंने देश को ऐसा संविधान दिया, जिसने प्रत्येक वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। आज आवश्यकता है कि हम उनके विचारों को केवल शब्दों तक सीमित ना रखें, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर लागू कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य करें। अति विषिष्ठ अतिथि पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन ना केवल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि युवाओं को आगे बढ़ने की नई दिशा भी प्रदान करते हैं। समाजसेवी एड. मनोज चैधरी ने बाबा साहब के ''शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो'' का संदेष देते हुये कहा कि वंचितों को अधिकार दिलाने, सामाजिक समरसता, शिक्षा के महत्व और संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. डीआर रेवाला ने की। कार्यक्रम संयोजक एड. सुबेसिह मोरोड़िया ने बताया कि अति विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रधान मीना कुमारी, आरएस झांझरिया, जगदीश मीणा, प्राचार्य प्रो. आरके सिंह, प्राचार्य डॉ. एचएन धोलीवाल, यूपीएससी चयनित हिमांशु निमोरिया, रामनिवास मीणा, डॉ. जयदयाल, डॉ. मंजू मौर्य, डॉ. अल्का रही।

## बनेठी में विशाल निःशुल्क दंत परामर्श शिविर आज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बनेठी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मित्तल स्माईल केयर द्वारा 15 अप्रेल बुधवार को एक विशाल निःशुल्क दंत रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में डॉ. अरविंद मित्तल एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा दंत रोग से पीड़ित मरीजों की जांच की जाएगी तथा उन्हें उचित परामर्श और उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। शिविर का आयोजन श्याम मंदिर बनेठी (यूको बैंक के पास) में किया जाएगा। जहां क्षेत्र के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की गई है। शिविर की व्यवस्थाओं में रमेश सिंह थानेदार, रोहिताश कमावत, राजपाल सिंह, जोरावर सिंह, ओमीलाल बागौरिया, बेगसिंह सुबेदार सहित समस्त ग्रामवासी सहयोग कर रहे हैं। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को घर के पास ही निःशुल्क दंत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो।

## 77वां राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर क्विज प्रतियोगिता आज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ क्षेत्र में राजस्थान पुलिस के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम 15 अप्रैल को सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली में प्रातः 10:00 बजे से शुरू होगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में पुलिस व्यवस्था, कानून और सुरक्षा से संबंधित जागरूकता बढ़ाना है। प्रतियोगिता में छात्रों से पुलिस थानों की कार्यप्रणाली, राजस्थान पुलिस की संरचना, तथा संगठन के कार्यों से जुड़े सामान्य प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके साथ ही नवीन आपराधिक कानूनों जैसे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम से संबंधित जानकारी भी शामिल होगी। कार्यक्रम में 'घर बैठे पुलिस सेवा कैसे प्राप्त करें' विषय पर राजकॉप नागरिक ऐप की जानकारी दी जाएगी, साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया जाएगा। इसके अतिरिक्त यातायात नियम, साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा, और महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रश्न पूछे जाएंगे। इस पहल के माध्यम से पुलिस प्रशासन छात्रों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है।




## बहरोड़ में अवैध शराब गोदाम पर पुलिस का छापा

### भारी मात्रा में शराब-बीयर जब्त, बिना लाइसेंस चल रही थी बिक्री

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस


**कोटपूतली।** बहरोड़ में नेशनल हाईवे 48 पर सिनेमा के सामने फ्लाईओवर के पास सोमवार को अवैध शराब गोदाम पर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की। प्रशिक्षु आरपीएस पल्लवी गुप्ता के नेतृत्व में हुई इस कार्यवाही में लाखों रुपए की शराब और बीयर जब्त की गई। आबकारी विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही।

12 दिनों से शराब का भंडारण और बिक्री हो रही थी-थानाधिकारी और प्रशिक्षु आरपीएस पल्लवी गुप्ता ने बताया कि आबकारी विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष में इस गोदाम के लिए लाइसेंसी शशिकपूर के नाम लोकेशन जारी की थी। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए इस स्थान की लोकेशन स्वीकृत नहीं की गई है। इसके बावजूद पिछले लगभग 12 दिनों से यहां शराब का भंडारण और बिक्री खुलेआम की जा रही थी।

लोकेशन स्वीकृत नहीं थी-कार्यवाही के दौरान पुलिस ने मौके पर मौजूद सेल्समैन से लोकेशन पास से संबंधित दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई वैध प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद आबकारी अधिकारियों से संपर्क कर जानकारी ली गई, जिससे यह पुष्टि हुई कि इस साल के लिए इस जगह की लोकेशन स्वीकृत नहीं है। गोदाम का संचालन कर रहे हिमांशु ने पुलिस को बताया कि उन्होंने लोकेशन पास करवाने के लिए निर्धारित राशि जमा कर दी है और संबंधित फाइल अधिकारियों के पास लंबित है।

## कोटपूतली कस्बे के अंदरूनी ईलाकों में डाली गई नई पेयजल लाईन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** कस्बे के आजाद चैक से लेकर शनि मंदिर सहित अन्य अंदरूनी ईलाकों में वर्षो पूर्व डाली गई पेयजल लाईन से ही रोजमर्रा का पेयजल सप्लाई हो रहा था। जिससे गढ़ कॉलोनी स्थित पीएचईडी कैम्पस में बनी पानी की टंकी से पेयजल सप्लाई होने के कारण जहां वार्डवासी प्रेषर की कमी का सामना कर रहे थे। वहीं लाईन के जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने के कारण आमजन को भारी परेषानी का सामना करना पड़ रहा था। उक्त समस्या को देखते हुये विधायक पटेल ने जल्द से जल्द पुरानी पेयजल लाईन को बदलने के निर्देष दिये थे। पीएचईडी एईएन हंसराज गुर्जर ने बताया कि विधायक पटेल के प्रयासों से नई पाईप लाईन बिछाये जाने हेतु बजट स्वीकृति के बाद पीएचईडी कैम्पस स्थित पानी की टंकी से शनि मंदिर व आजाद चैक तक पुरानी लाईन की जगह नई पाईप लाईन डाली गई है। जिससे पेयजल की सप्लाई अधिक प्रेषर से होने लगी हैं। पुरानी पाईप लाईन से उंचाई वाले क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई का प्रेषर कम होता था। जिससे निर्धारित समय में कम पानी पहुंच पाता था एवं लाईन में लीकेज के चलते गंदे पानी की सप्लाई की समस्या भी बनी रहती थी। इन समस्याओं से निजात मिली है, नई लाईन डलने के बाद एईएन गुर्जर ने स्वयं विभिन्न वार्डो में पेयजल सप्लाई का निरीक्षण किया।

गर्मियों में प्रातः 06 से होगी पेयजल सप्लाई-एईएन गुर्जर ने बताया कि गर्मियों को देखते हुये प्रातः 06.30 बजे की बजाय प्रातः 06 बजे से ही पेयजल सप्लाई होगी एवं बिजली कटौती प्रातः 06 से 07 बजे तक होगी।



## युवती के पोंड में डूबने की घटना से कोहराना रोड स्थित पोंड पर मचा हड़कंप

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** क्षेत्र के जखराना गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक युवती के पानी से भरे पोंड में डूबने की सूचना से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना कोहराना रोड स्थित एक पोंड पर हुई, जहां देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही बहरोड़ सदर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लेते हुए रेस्क्यू कार्य शुरू करवाया। प्रारंभिक स्तर पर ग्रामीणों और किसानों ने खुद ही युवती को बाहर निकालने का प्रयास किया।

इसके लिए जेसीबी मशीन की मदद से पोंड की पाल को तोड़कर पानी निकालने की कोशिश की गई, ताकि युवती तक पहुंचा जा सके। हालांकि पोंड की गहराई अधिक होने के कारण पानी पूरी तरह नहीं निकाला जा सका, जिससे रेस्क्यू कार्य में लगातार बाधाएं आती रहीं। स्थानीय लोगों के प्रयासों के बावजूद सफलता नहीं मिलने पर प्रशासन को सूचना दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम को मौके पर बुलाया गया है। टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर युवती को बाहर निकाला गया। जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिए राजकीय अस्पताल बहरोड भेजा गया। तहसीलदार के अनुसार बंजारा समाज की एक युवती जानवरो को खेत मे चरा रही थी। इसी दौरान पानी के पौंड मे पैर फिसल जाने से गिर गई।

ग्रामीणो की सुचना पर एसडीआरएफ की टीम को जिला मुख्यालय कोटपूतली से बुलाया गया। जिन्होने रेस्क्यु ऑपरेषन चलाकर युवती का शव बाहर निकालकर बहरोड राजकीय अस्पताल मे भिजवाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवती पोंड में कैसे गिरी। पुलिस का कहना है कि युवती की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# संविधान निर्माण में डॉ. अम्बेडकर की भूमिका अतुल्य : श्रीनिधि बीटी

### भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



धौलपुर..कार्यक्रम में मंच बैठे कलक्टर श्रीनिधि बीटी, सीईओ एएन सोमनाथ, जिलाध्यक्ष राजवीर राजावत, भाजपा नेता डॉ. शिवचरण कुशवाह, सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीना, प्रदेश महामंत्री राजेश

**धौलपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। मुख्य समारोह में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान देश को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन शिक्षा, संघर्ष और संगठन के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के वंचित, पिछड़े और उपेक्षित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। जिला कलक्टर ने कहा कि संविधान निर्माण में डॉ. अंबेडकर की भूमिका अतुल्य रही है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत लिखित संविधान है, जो लोकतांत्रिक गणराज्य की मजबूत नींव प्रस्तुत करता है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह कहा कि संविधान में न केवल विभिन्न देशों के श्रेष्ठ प्रावधानों का समावेश है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक परंपराओं का भी प्रतिबिंब है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का उल्लेख करते हुए महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, वीर सावरकर सहित अनेक महापुरुषों के योगदान को स्मरण किया, जिनके प्रयासों से स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भारत का निर्माण संभव हो सका।

कार्यक्रम में नागेश रामपुरिया, डॉ. शिवचरण कुशवाह सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहेब के सिद्धांतों को आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया।

कार्यक्रम में छात्रा हिमांशी ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर कार्यक्रम में विशेष प्रभाव उत्पन्न किया। इस अवसर पर सीएमएचओ धर्मसिंह मीना, डीईओ सुखो देवी, आईसीडीएस उप निदेशक भूपेश गर्ग, सहायक निदेशक राजकुमार मीना सहित सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन गोविंद शर्मा द्वारा किया गया, जबकि अंत में समाज कल्याण अधिकारी देवेंद्र सिंह जांगल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## धूमधाम से निकली बाबा साहब की प्रभात फेरी



धौलपुर..प्रभात फेरी में मौजूद समिति के पदाधिकारीगण

**धौलपुर।** बाबा साहब भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव के पावन पर्व पर शहर के अंबेडकर पार्क जिरौली में बाबा साहब की प्रतिमा पर फूल मालाएं पहनाकर एवं पुष्प अर्पित कर बाबा साहब को नमन किया। बाबा साहब की प्रतिमा पर दर्शन लाल नेताजी, कमल सिंह जोनवाल, विनोद जायसवाल, रामकिशन नेताजी, सुम्मेरा पूर्व सरपंच, गोपीचंद, शिवचरण लाल, हीरालाल, केशव द्रोण, सुरेश कौशल, कैलाश, श्रीनिवास, ओतार सिंह लहरी, धर्मवीर धौर्य, शिवनारायण, रौनक जिला प्रचारक, बरगद मैन, भगवान सिंह मीणा, संपतराम मीणा, रणवीर मीना, वेद प्रकाश कर्दम, रामरूप वर्मा, सियाराम, चंदन सिंह, सुल्तान सिंह, मंगल सिंह, मांगीलाल खुड़िला आदि ने माल्यार्पण किया। प्रभात फेरी को पूर्व जिला प्रमुख रामवती देवी, किरोड़ी लाल बीजावत अध्यक्ष जाटव महासभा, नौबतलाल केन, प्रभात फेरी समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जाटव महासभा के संरक्षक सूरजमल, प्रेम सिंह भास्कर, बंटी पवरिया, रामवीर सिंह, रवि वाल्मीकि, रामनाथ मेहरा, राधेश्याम भारती आदि ने सामूहिक रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया। प्रभात फेरी अंबेडकर पार्क जिरौली से बजरिया, तोप तिराहा, पुरानी सब्जी मंडी, जगन तिराहा, हरदेव नगर, पुराना अस्पताल, फूटा दरवाजा, टाउन चौकी, महात्मा नंद की बगीची होते हुए अंबेडकर पार्क सागरपाड़ा में समाप्त हुई। रास्ते में विभिन्न व्यवसायियों, समाजसेवी संस्थाओं ने पेयजल, भंडारा एवं पुष्प अर्पित कर शोभायात्रा का स्वागत किया। समापन की घोषणा एवं धन्यवाद धर्मेंद्र सिंह सरपंच एवं नौबतलाल केन द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन दामोदर प्रसाद पूर्व प्रधानाचार्य ने किया। कार्यक्रम की वीडियो ग्राफी रवींद्र वर्मा ने की। यह जानकारी रामरूप वर्मा ने दी।

# मिलावट पर बड़ी कार्रवाई: 325 किलों पनीर-मावा नष्ट, मिष्ठान भंडार को दिया नोटिस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



धौलपुर। आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेशभर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा मिलावट खोरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। राज्य सरकार की मंशा अनुरूप 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नियमित नमूने लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी. शुभमंगला एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने बसेड़ी क्षेत्र के गांव चोरपुरा मामुद्दीन में पारस मिल्क फूड का निरीक्षण कर पनीर एवं मावा के नमूने लिए। प्रथम दृष्टया संदिग्ध पाए जाने पर मौके पर ही 225 किलो पनीर एवं 100 किलो मावा को नष्ट कराया गया। इसके अलावा धौलपुर शहर स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार पर भी कार्रवाई करते हुए मिठाई का नमूना लिया गया। संबंधित प्रतिष्ठान को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## दो सड़क हादसों में जीजा-साले सहित चार घायल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** उपखंड के नादनपुर और खानपुर गांव में दो सड़क हादसे पिछले 24 घंटे के दौरान सामने आए हैं। जिनमें नादनपुर में सड़क पर पड़ी गिट्टी से बाइक स्लिप होने के चलते उस पर सवार जीजा, साले और चाचा घायल हुआ है। वहीं खानपुर में बंदरों की झुंड के अचानक सड़क पर आने से बाइक सवार सड़क पर गिर गया। जिसमें वह घायल हो गया। चारों घायलों को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से दो को गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। जानकारी के अनुसार पहला सड़क हादसा नादनपुर गांव के लिलौटी रोड पर हुआ। जहां से अपने गांव लिलोटी जा रहे दीनू पुत्र भरत सिंह कश्यप के साथ उसका चाचा जगदीश पुत्र रामकिशन और जीजा कृष्णा सड़क पर पड़ी गिट्टी से बाइक स्लिप होने के चलते घायल हो गए। तीनों घायलों को पहले निजी साधन से पहले बसेड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से रैफर किए जाने पर सामान्य अस्पताल बाड़ी में भर्ती किया गया। उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल जगदीश और कृष्णा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। दीनू का बाड़ी अस्पताल में उपचार जारी है।

वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना धौलपुर रोड़ पर खानपुर मीणा गांव के पास हुई। जहां सड़क पर अचानक बंदरों की झुंड के आ जाने से बाइक सवार खानपुर गांव निवासी सूरज पुत्र सुरेश मीणा घायल हुआ है। घायल को एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाया मोईरांग दिवस, पूर्व सैनिकों का सम्मान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद राजस्थान शाखा की ओर से मोईरांग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर ब्रिगेडियर राजीव सरीन वीएसएम, कर्नल आरएस राजपुरोहित, कमांडेंट बीएसएफ महेश सिंह परमार एवं सूबेदार विशाल चौधरी 343 फील्ड रेजीमेंट अलवर से शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए परिषद के सह संगठन सचिव प्रणव मुखर्जी ने बताया कि मोईरांग दिवस वर्तमान में मणिपुर में स्थित है, जहां आजाद हिंद फौज के आह्वान पर भारतीय सेना जो अंग्रेजी हुकूमत के लिए लड़ रही थी उससे अलग होकर आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च कमांडर सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजादी के लिए लड़ी और 14 अप्रैल 1944 को पहली बार भारतीय संभाग में तिरंगा फहराया गया। मोईरांग युद्ध कर्नल शौकत अली मलिक की अगुवाई में जीता गया । यह भारतीय लोगों के अदम्य साहस और शौर्य का जीता जागता नमूना था। भारतीय सेना हमेशा अग्रणी रही है और भारतीयों को शौर्य का पर्याय माना जाता है। कवि राजवीर क्रांति, राकेश दीक्षित एवं सुरेंद्र शर्मा ने कविता का समां बांधा।

कार्यक्रम का अंत में अध्यक्ष अशोक सिंह परमार, सज्जन शर्मा, सूबेदार केसी शर्मा, उपाध्यक्ष कालीचरण बघेला, कोषाध्यक्ष गोविंद शर्मा, दारा सिंह पचौरी, चतुर सिंह परमार, रामावतार परमार फौजी, ऋषिकेश त्यागी, नरेंद्र सिंह, अनेक




इस अवसर पर परिषद के प्रदेश प्रचार प्रमुख कर्नल रानू सिंह राजपुरोहित ने कहा कि आकर मुझे हर्ष हो रहा है की मोईरांग दिवस इतनी उत्साह और जोश और जुनून के साथ मनाया जा रहा है । ब्रिगेडियर राजीव सरीन ने कहा कि सूबेदार मेजर रमेश सिंह परमार एवं बाड़ी शाखा अध्यक्ष कैप्टन बनवारी सिंह परमार ने सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में सचिव राहुल सेन बाड़ी मार्गदर्शक जगदीश जगरिया, रणवीर सिंह, शाखा मार्गदर्शक कैप्टन सिंह सहित भारी तादाद में सैनिक सहित भारत विकास परिषद के मुकेश गर्ग, जयंत मोदी, राजीव झा, मनोज भट्ट इत्यादि मौजूद थे। कार्यक्रम में शहीद वीरांगनाओं एवं पूर्व सैनिक उद्यमियों को सम्मानित किया गया।

### आज मेगा विद्युत शिविर, उपभोक्ताओं की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

**राजाखेड़ा।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा राजाखेड़ा क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 15 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मेगा विद्युत शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सहायक अभियंता कार्यालय, जेपीडी राजाखेड़ा के निर्देशन में आयोजित होगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के त्रुटिपूर्ण एवं विवादित बिजली बिलों का मौके पर निस्तारण, बकाया राशि जमा कराने से संबंधित समस्याओं का समाधान तथा अन्य विद्युत शिकायतों का त्वरित निवारण करना है। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कार्य भी शिविर में किया जाएगा। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शिविर 33/11 केवी जीएसएस राजाखेड़ा, मरेना एवं रहेना में आयोजित किया जाएगा।






## डांग क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति लंबित कार्यों पर सख्ती के निर्देश

### जिला स्तरीय डांग क्षेत्रीय विकास समिति की बैठक का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




धौलपुर...डांग विकास समिति की बैठक लेते जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी, साथ में विधायक जसवंत सिंह, विधायक रोहित बोहरा, विधायक शोभारानी कुशवाह

**धौलपुर ।** जिला स्तरीय डांग क्षेत्रीय विकास समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में डांग विकास कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आवंटित बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र के पिछड़े इलाकों में विकास की रफ्तार तेज हो और आमजन के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार आ सके।

जिला कलक्टर ने सभी विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने विशेष रूप से राजाखेड़ा क्षेत्र में कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन पंचायतों में कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, वहां सरपंचों को तत्काल कार्य शुरू करने के लिए पाबंद करने को कहा गया।

बैठक में यह भी सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं। इस पर जिला कलक्टर ने गुणवत्ता के साथ मरम्मत कार्यों को पूरा करने और दोबारा एस्टीमेट तैयार कर अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सरकारी भवनों की जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने छतों पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, नियमित सफाई कराने तथा क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों पर आरसीसी छत निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता और क्षमता के आधार पर ही निर्माण कार्य किए जाएं। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी अहम निर्देश दिए गए। बड़ागांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए बजट आवंटन, चीलपुरा स्वास्थ्य केंद्र की मरम्मत तथा मछरिया गांव में पोल शिफ्टिंग के मामलों की जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। राजाखेड़ा में निर्माणाधीन अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए संबंधित ठेकेदार के खिलाफ जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों के कार्य अधूरे हैं, वे समयबद्ध तरीके से उन्हें पूर्ण करें। हैंडपंप स्वीकृत होते ही तत्काल स्थापना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने आंगनबाड़ी, विद्यालय, पशुपालन एवं चिकित्सा विभागों को निर्देशित किया कि वे डांग क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर जिला परिषद को भिजवाएं। इसके साथ ही स्कूटी वितरण योजना में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु नियमानुसार समिति गठित कर पात्र लाभार्थियों का चयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि डांग क्षेत्र के समग्र विकास में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाए। बैठक में विधायक धौलपुर शोभारानी कुशवाह, बाड़ी जसवंत सिंह गुर्जर, बसेड़ी संजय जाटव, राजाखेड़ा रोहित बोहरा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपवन संरक्षक वी चेतन कुमार, उपखंड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।









स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।